शनिवार, 31 मई 2025

मौसम

तापमान 26 – 34
आर्द्रता 76%
सूर्योदयः 4:52 सूर्यास्तः 18:16

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, ज्येष्ठ शुक्लपक्ष पंचमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : जब लगे की कोई साथ नहीं है तो एक बार दर्पण देखकर मुस्कुराइये।



गुजरात को हराकर मुंबई इंडियंस आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर में पृष्ठ 8

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# आतंकवाद सांप की तरह है, दोबारा फन उठाया तो बिल से खींचकर कुचल देंगे: मोदी



**कराकाट (बिहार) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद की तुलना सांप से करते हुए शुक्रवार को कहा कि अगर ''उसने दोबारा फन उठाया तो उसे उसके बिल से बाहर खींचकर कुचल दिया जाएगा।'' उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में बैठे पहलगाम हमले के साजिशकर्ताओं के ठिकानों को नष्ट कर दिया है। मोदी ने बिहार की राजधानी पटना से लगभग 140 किलोमीटर दूर काराकाट में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत के ''तरकश का मात्र एक तीर है।'' उन्होंने स्पष्ट किया कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई ''न तो समाप्त हुई है, न ही रुकी है।'' उन्होंने पिछले महीने मधुबनी जिले में की गई अपनी रैली का जिक्र करते हुए कहा, ''मैं पहलगाम में हुए नृशंस हमले के एक दिन बाद बिहार आया था। पहलगाम हमले में हमारी कई बहनों ने अपने सुहाग खो दिए थे। मैंने वादा किया था कि अपराधियों को ऐसी सजा मिलेगी जिसके बारे में वे सपने में भी नहीं सोच सकते। आज मैं अपना वादा पूरा करके बिहार वापस आया हूं।'' मोदी ने कहा, ''भारत की बेटियों द्वारा लगाए जाने वाले सिंदूर की शक्ति को पाकिस्तान और पूरी दुनिया ने देखा है। आतंकवादी पाकिस्तानी सेना के संरक्षण में सुरक्षित महसूस करते थे लेकिन हमने उन्हें घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।'' उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में बैठे पहलगाम हमले के मुख्य साजिशकर्ताओं के ठिकानों को मलबे में बदल दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, ''हमने पाकिस्तान के वायु सेना अड्डों और उनके सैन्य प्रतिष्ठानों को भी नष्ट कर दिया। यह नया भारत है और इसकी शक्ति सभी के सामने है।'' मोदी ने कहा कि दुश्मन को यह समझना चाहिए कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ''हमारे तरकश का मात्र एक तीर है। आतंकवाद के खिलाफ युद्ध न तो खत्म हुआ है और न ही रुका है।'' उन्होंने कहा, ''अगर आतंकवाद फिर से अपना फन उठाने की कोशिश करता है तो उसे उसके बिल से खींचकर कुचल दिया जाएगा।'' प्रधानमंत्री का यह बयान ऐसे समय में महत्वपूर्ण है जब कुछ विपक्षी दल सरकार की आलोचना कर रहे है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन के दबाव में सरकार ''संघर्षविराम'' पर सहमत हो गई। अपने भाषण में मोदी ने जम्मू-कश्मीर में शहीद हुए उपनिरीक्षक (सीमा सुरक्षा बल) मोहम्मद इम्तियाज का भी जिक्र किया और उनके बलिदान की तुलना बिहार के जगदीशपुर के महान राजा वीर कुंवर सिंह की वीरता से की, जिन्हें 1857 के विद्रोह के प्रमुख नायकों में से एक माना जाता है। उपनिरीक्षक इम्तियाज सारण जिले के मूल निवासी थे। प्रधानमंत्री ने सीमा सुरक्षा बल की सराहना करते हुए कहा, ''बीएसएफ जवानों के लिए मां भारती की सेवा सर्वोच्च रही है।''

## 'ऑपरेशन सिंदूर' तरकश का मात्र एक तीर, इसने दिखाई स्वदेशी हथियारों की ताकत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को आतंकवाद पर पाकिस्तान को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आतंक ने फिर से अपना फन उठाने की कोशिश की तो उसे उसके बिल से बाहर खींचकर कुचल दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत के ''तरकश का मात्र एक तीर है'' और यह अभी खत्म नहीं हुआ है। बिहार के काराकाट और उत्तर प्रदेश के कानपुर में रैलियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान अपने स्वदेशी हथियारों की ताकत का प्रदर्शन किया, जिसके कारण ''पाकिस्तान को युद्ध रोकने के लिए गिड़गिड़ाना पड़ा।'' उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में बैठे पहलगाम हमले के साजिशकर्ताओं के ठिकानों को नष्ट कर दिया है।

## पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शरीफ ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर सिंधु जल संधि को स्थगित करने का मुद्दा उठाया

**इस्लामाबाद :** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को पानी को हथियार के तौर पर इस्तेमाल किए जाने को खारिज कर दिया और कहा कि पाकिस्तान भारत को संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए सिंधु जल संधि को स्थगित रखकर लाखों लोगों का जीवन खतरे में नहीं डालने देगा। शरीफ ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में जब ग्लेशियरों के संरक्षण पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, तब उन्होंने भारत-पाकिस्तान द्विपक्षीय सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) का मुद्दा उठाया। 'डॉन' समाचार पत्र ने शरीफ के हवाले से बताया, सिंधु बेसिन के पानी के बंटवारे से संबंधित सिंधु जल संधि को स्थगित रखने का भारत का एकतरफा और अवैध फैसला बेहद खेदजनक है। प्रधानमंत्री ने सम्मेलन में कहा, संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए लाखों लोगों की जान को खतरे में डालने नहीं दिया चाहिए और पाकिस्तान ऐसा नहीं होने देगा।

# प्रधानमंत्री की रैली से बंगाल सरकार के खिलाफ 'दुर्भावनापूर्ण' अभियान चलाया गया: ममता



**कोलकाता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर हिंसा, भ्रष्टाचार और अराजकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाने के एक दिन बाद, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दावा किया कि राजनीति से प्रेरित होकर उनकी सरकार के खिलाफ एक ''दुर्भावनापूर्ण और झूठा अभियान'' चलाया गया। उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार में बृहस्पतिवार को एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने मुर्शिदाबाद दंगों और शिक्षक भर्ती घोटाले का हवाला दिया तथा दावा किया कि राज्य के लोग ''निर्मम सरकार'' को हटाने के लिए बेताब हैं। बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया, ''कल उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार में, राजनीति से प्रेरित होकर एक दुर्भावनापूर्ण और झूठा अभियान चलाया गया।'' उन्होंने यह भी दावा किया, ''यह एक ऐसा अभियान था, जिसके तहत अलीपुरद्वार जिले के लोगों के लिए हमारी सरकार द्वारा किए गए महत्वपूर्ण विकास कार्यों को कमतर बताने और मिटाने का प्रयास किया गया।''

# उच्चतम न्यायालय ने नीट-पीजी 2025 परीक्षा एक ही पाली में कराने का निर्देश दिया

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण आदेश में शुक्रवार को निर्देश दिया कि 15 जून को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) 2025 दो पालियों के बजाय एक ही पाली में आयोजित की जाए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने संबंधित प्राधिकारियों को एक पाली में परीक्षा आयोजित कराने की व्यवस्था करने और पूर्ण पारदर्शिता व सुरक्षित केंद्र सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और कहा कि दो पालियों में परीक्षा आयोजित करने से मनमानी होती है। पीठ में न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया भी शामिल थे। न्यायालय ने कहा, किसी भी दो प्रश्नपत्रों के कठिनाई या सरलता का स्तर एक समान नहीं कहा जा सकता। न्यायालय ने कहा कि सामान्यीकरण को अपवादस्वरूप मामलों में लागू किया जा सकता है, लेकिन इसे हर साल नियमित रूप से लागू नहीं किया जा सकता। पीठ ने यह आदेश नीट-पीजी 2025 परीक्षा दो पालियों में आयोजित कराने की अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। शीर्ष अदालत ने कहा कि परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले कुल अभ्यर्थियों की संख्या 2,42,678 है और यह परीक्षा पूरे देश में आयोजित की जा रही है, किसी एक शहर में नहीं। पीठ ने कहा, हम यह स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं कि पूरे देश में और देश में तकनीकी प्रगति को देखते हुए, परीक्षा निकाय को एक पाली में परीक्षा आयोजित करने के लिए पर्याप्त केंद्र नहीं मिल सके। न्यायालय ने कहा, दो पालियों में परीक्षा आयोजित करने से मनमानी होती है और इससे परीक्षा देने वाले सभी अभ्यर्थी एक ही स्तर पर नहीं रह पाते। इसमें कहा गया है कि परीक्षा 15 जून को होनी है और परीक्षा निकाय के पास एक पाली में परीक्षा आयोजित करने के लिए अन्य केन्द्रों की पहचान करने के लिए अभी दो सप्ताह से अधिक का समय है।

# वित्तीय वर्ष 2024-25 में जीडीपी वद्धि दर धीमी होकर 6.5% हुई, पिछले साल 9.2% था आंकड़ा

**नयी दिल्ली :** भारत की आर्थिक वृद्धि दर मार्च तिमाही में धीमी होकर 7.4 प्रतिशत रह गई। इससे 2024-25 के दौरान वार्षिक वृद्धि दर घटकर 6.5 प्रतिशत रह जाएगी। जनवरी-मार्च अवधि में वृद्धि दर एक वर्ष पूर्व की समान तिमाही की 8.4 प्रतिशत वृद्धि दर से कम रही। सरकार ने शुक्रवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 2024-25 में अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत बढ़ेगी, जबकि 2023-24 में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। एनएसओ ने राष्ट्रीय खातों के अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में 2024-25 के लिए देश की जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। दूसरी ओर, चीन ने 2025 के पहले तीन महीनों (जनवरी-मार्च 2025) में 5.4 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर्ज करने की जानकारी दी है।

**विनिर्माण क्षेत्र में नरमी के कारण जीडीपी की रफ्तार कमजोर**

जीडीपी में नरमी का कारण मुख्य रूप से विनिर्माण क्षेत्र में नरमी आना रहा। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार बढ़कर 330.68 लाख करोड़ रुपये या लगभग 3.9 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। इससे अगले कुछ वर्षों में इसके 5 ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य हासिल करने का आधार तैयार हो गया। छले वित्त वर्ष 2023-24 में अर्थव्यवस्था 9.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। दूसरी ओर, चीन ने 2025 के पहले तीन महीनों में 5.4 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर्ज की है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आर्थिक अनुमानों में बताया गया कि जनवरी-मार्च 2025 के दौरान आर्थिक वृद्धि की दर 7.4 प्रतिशत रही। अक्तूबर-दिसंबर 2024 में यह 6.4 प्रतिशत, जुलाई-सितंबर 2024 में 5.6 प्रतिशत और पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 6.5 प्रतिशत थी। 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। एनएसओ ने फरवरी में जारी अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में 2024-25 के लिए जीडीपी वृद्धि 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

# बंगाल में शिक्षकों की भर्ती के लिए जारी हुई अधिसूचना

**16 जून से परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन होगा शुरू, अंतिम तिथि 14 जुलाई**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल के स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) ने सरकारी स्कूलों में कक्षा 9-10 और 11-12 के सहायक शिक्षकों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। बता दें कि पिछले मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नवान्न में एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा था कि सुप्रीम कोर्ट ने 31 मई तक भर्ती के लिए अधिसूचना जारी करने को कहा है। उन्होंने उसी दिन कहा था कि अधिसूचना 30 मई को घोषित हो जाएगी। उसी अनुसार, एसएससी ने शुक्रवार सुबह आधिकारिक तौर पर अधिसूचना जारी कर दी। एसएससी की अधिसूचना में कहा गया है कि उम्मीदवार 16 जून से परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 जुलाई है। कक्षा 9-10 और 11-12 के लिए सहायक शिक्षक के पद के लिए आवेदन करते समय, सामान्य और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से संबंधित उम्मीदवारों को 500 रुपये जमा करना होगा। वहीं, अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और दिव्यांग उम्मीदवारों को 200 रुपये परीक्षा शुल्क जमा करना होगा। परीक्षा शुल्क 14 जुलाई की रात 12 बजे से पहले जमा करना होगा। लिखित परीक्षा की संभावित तिथि सितंबर का पहला सप्ताह है।

लिखित परीक्षा का परिणाम अक्टूबर के चौथे सप्ताह में घोषित किया जा सकता है। साक्षात्कार की संभावित तिथि नवंबर के पहले सप्ताह से तीसरे सप्ताह है। पैनल 24 नवंबर को प्रकाशित किया जाएगा। काउंसिलिंग और भर्ती प्रस्ताव के बारे में घोषणा 29 नवंबर को की जा सकती है। किसी भी तरह की अनियमितता को रोकने के लिए, एसएससी ने वेबसाइट पर साक्षात्कार के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों की मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं को प्रकाशित करने का निर्णय लिया है।

# बीएसएफ ने 118 पाकिस्तानी अग्रिम चौकियां और उनकी निगरानी प्रणाली को पूरी तरह नष्ट कर दिया: अमित शाह




**पुंछ (जम्मू कश्मीर) :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान को गहरी चोट पहुंचाते हुए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान 118 से अधिक पाकिस्तानी अग्रिम चौकियों और उनकी निगरानी प्रणाली को पूरी तरह नष्ट कर दिया। सुरक्षा स्थिति, अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करने और पाकिस्तानी गोलाबारी के पीड़ितों से बातचीत करने के लिए जम्मू क्षेत्र के अपने दो दिवसीय दौरे के समापन पर केंद्रीय गृह मंत्री ने इस माह के प्रारंभ में पाकिस्तानी आक्रमण का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की सराहना की । उन्होंने कहा कि इतने कम समय में इतनी सारी चौकियों को क्षतिग्रस्त या नष्ट करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि दुश्मन के निगरानी नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया जाना बहुत बड़ा झटका है और इसकी भरपाई करने में पाकिस्तान को वर्षों लग जाएंगे। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद जम्मू-कश्मीर की अपनी पहली यात्रा पर आये शाह ने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीएसएफ ने 118 से अधिक पाकिस्तानी चौकियां नष्ट कर दीं।'' उन्होंने कहा, जब पाकिस्तान ने हमारी सीमाओं और नागरिक क्षेत्रों पर हमला करके हमारे आतंकवाद विरोधी अभियानों का जवाब दिया, तो यह बीएसएफ के 'जम्मू फ्रंटियर' के जवान थे जिन्होंने 118 से अधिक चौकियों को तबाह और क्षतिग्रस्त करके जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने कहा, ''उन्होंने दुश्मन की पूरी निगरानी प्रणाली को टुकड़े-टुकड़े करके नष्ट कर दिया - एक ऐसी प्रणाली जिसे दोबारा बनाने में उन्हें चार से पांच साल लगेंगे।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' से पाकिस्तान को नुकसान पर कोलंबिया की संवेदना निराश करने वाली: थरूर



**बोगोटा :** कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने भारत की सैन्य कार्रवाई से पाकिस्तान में हुई जानमाल की हानि को लेकर कोलंबिया द्वारा संवेदना जताए जाने पर गहरी निराशा व्यक्त की है। भारतीय सांसदों का सर्वदलीय प्रतिनिधमंडल 22 अप्रैल को हुए पहलगाम हमले के बाद आंतकवाद के खिलाफ लड़ाई के प्रति भारत के रुख से अवगत कराने के लिए विभिन्न देशों की यात्रा कर रहा है। थरूर, सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों के लिए पाकिस्तान के समर्थन और आतंकवाद के प्रति भारत के कतई बर्दाश्त नहीं करने के दृष्टिकोण से अवगत कराने के लिए कोलंबिया की यात्रा पर गए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को कोलंबिया की राजधानी में एक प्रेस वार्ता में थरूर ने आतंकवाद पर भारत के रुख पर विस्तार से प्रकाश डाला, 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में बात की और पहलगाम आतंकवादी हमले पर कोलंबिया की प्रतिक्रिया पर निराशा जताई। प्रतिनिधिमंडल में शामिल, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा, ''थरूर ने आतंकवाद पर भारत के रुख को दोहराया और कोलंबिया की प्रतिक्रिया पर निराशा व्यक्त की, जिसने भारत में आतंकवाद के पीड़ितों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करने के बजाय पाकिस्तान में हुई जानमाल की हानि पर संवेदना व्यक्त की है।'' उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''हमला करने वालों और बचाव करने वालों के बीच कोई समानता नहीं हो सकती।'' सूर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आतंकवाद का कड़ा जवाब देना जारी रखेगा। यह प्रतिनिधिमंडल बृहस्पतिवार को कोलंबिया पहुंचने से पहले गुयाना और पनामा की यात्रा कर चुका है। प्रतिनिधिमंडल में भुवनेश्वर कलिता (भाजपा), मिलिंद देवड़ा (शिव-सेना), शांभवी (लोजपा), जीएम हरीश बालयोगी (तेलुगु देशम पार्टी) और अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू शामिल हैं। बोगोटा में अपने प्रवास के दौरान प्रतिनिधिमंडल कोलंबिया की कांग्रेस के सदस्यों, मंत्रियों और थिंक टैंक तथा मीडिया में अन्य प्रमुख वार्ताकारों के साथ बातचीत करेगा।



## शोध ने बताया साइलेंट हार्ट अटैक की वजह

हाल के वर्षों में उन तमाम घटनाओं ने हर आम भारतीय को विचलित किया, जिसमें हमने लोगों को खेलते वक्त, दफ्तर में काम करते समय, मंच पर नृत्य करते अचानक बेहोश होकर गिरते देखा। इसे साइलेंट हार्ट अटैक के रूप में देखा गया। तुरत-फुरत अस्पताल ले जाने के बाद पता चला कि उस व्यक्ति की तो मृत्यु हो चुकी है। तब कुछ लोगों ने वैक्सीन के दुष्प्रभावों का जिक्र किया, लेकिन कोई अंतिम निष्कर्ष सामने नहीं आया। लेकिन अब एक भारतीय शोध में इस अचानक दिल की धड़कन बंद होने की वजह का पता लगाने का दावा किया गया है। यह तथ्य आईआईटी इंदौर और आईसीएमआर के सहयोग से किए गए नये शोध में सामने आया है। शोध बताता है कि कोविड-19 का डेल्टा वैरिएंट पिछले दिनों की साइलेंट हार्ट अटैक की घटनाओं की वजह बना है। साथ ही कुछ लोगों में थायराइड के अनियंत्रित होने की वजह भी इसी वैरिएंट को बताया गया है। बताया जाता है कि हाल ही में, यह शोध 'जर्नल ऑफ प्रोटिओम रिसर्च' में प्रकाशित हुआ है। यह खुलासा ऐसे समय में हो रहा है जब कोविड-19 के एक नये वैरिएंट ने एशिया और अमेरिकी देशों में लोगों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है। भारत में भी कुछ मौतों के साथ इसके संक्रमण के बढ़ते मामले दर्ज किए जा रहे हैं। दरअसल, आईआईटी इंदौर और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के साझे प्रयास से हुए शोध में 3134 मरीजों के जुटाए डेटा का उपयोग करके इसे अंजाम दिया गया। जिसमें कोविड-19 की पहली और दूसरी लहर के दौरान मूल वैरिएंट, अल्फा, बीटा, गामा व डेल्टा वैरिएंट से संक्रमित रोगियों के शरीर के रसायनों में विभिन्न बदलावों से जुड़े डेटा का विश्लेषण किया गया। इसमें शारीरिक रसायनों में आए बदलाव के साथ ही स्पाइक प्रोटीन के संपर्क में आने वाले फेफड़ों और कोलन सेल का भी विश्लेषण किया गया। हालिया शोध में शोधकर्ता इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि डेल्टा वैरिएंट ने हार्मोन संतुलन बिगाड़ने में बड़ी भूमिका निभायी।

दरअसल, शोध में पाया गया कि डेल्टा वैरिएंट के चलते मानव शरीर में रासायनिक असंतुलन पैदा हुआ था। फलत: कैटेकोलामाइन और थायराइड हार्मोन पैदा करने की प्रक्रिया में अवरोध उत्पन्न हुआ। जिसकी वजह से कोविड से उबरे लोगों में कालांतर साइलेंट हार्ट अटैक और थायराइड में व्यवधान की स्थितियां पैदा हुई। इसी हालिया अध्ययन में यह भी खुलासा हुआ कि कोरोना के शिकार हुए लोगों में स्वस्थ होने के बावजूद, उनके शरीर में यूरिया और अमीनो एसिड मेटाबोलिज्म में व्यवधान होने की पुष्टि भी हुई है। दरअसल, अचानक होने वाली मौतों, जिसे आमतौर पर साइलेंट हार्ट अटैक कहा जाता है, में वे लक्षण नहीं दिखाई देते जो सामान्यत: हार्ट अटैक होने पर नजर आते हैं। मसलन बेचैनी, पसीना आना, सीने में दर्द होना और सांस फूलने जैसे लक्षण दिखाई नहीं दिए। इसमें व्यक्ति कटे पेड़ की तरह अचानक नीचे गिर जाता है, जब तक उसके उपचार की कोशिश होती है तब तक पता चलता है कि उसकी मृत्यु हो चुकी है। दरअसल,यह स्थिति कार्डियक अरेस्ट से भिन्न है, जिसमें दिल की धड़कन बंद होती है। चिकित्सक इस स्थिति से बचाव के लिये नियमित आधे घंटे टहलने, गैर-संक्रामक रोगों मसलन उच्च रक्तचाप व मधुमेह पर नियंत्रण, तली-भुनी चीजों व डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों से परहेज, सिगरेट-शराब से तौबा करने की सलाह दे रहे हैं। साथ ही साइलेंट हार्ट अटैक आने पर उसे तुरंत कार्डियो पल्मोनरी रिसैसिटेशन यानी सीपीआर देने की राय दे रहे हैं। जिसे लगातार देने से जान बचाने की कोशिश की जा सकती है। जिसको लेकर समाज में जागरूकता अभियान चलाने की भी जरूरत है, क्योंकि रोगी की जान बचाने में सहायक साबित हो सकता है। जिसके बाद आपातकालीन चिकित्सा सुविधा किसी हद तक मददगार साबित हो सकती है। निस्संदेह, शोध के निष्कर्ष सचेतक और मार्गदर्शक हैं। सुखद यह भी है कि यह शोध भारतीय परिवेश में डेल्टा वैरिएंट के प्रभाव से उपजे साइलेंट हार्ट अटैक को लेकर दृष्टि को स्पष्ट करता है। जिसका लाभ भविष्य में नये वैरिएंट के प्रभावों का विशद् अध्ययन करने में भी हो सकता है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 31 मई, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, ज्येष्ठ शुक्लपक्ष पंचमी, 20:22 तक, नक्षत्र : पुष्य, 21:10 तक, योग : वृद्धि, 10:44 तक, सूर्योदय: 4:52, सूर्यास्त: 18:16, चन्द्रोदय : 08:50, चन्द्रास्त: 22:34, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 08:15 से 09:54

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए दिन मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण रह सकता है। न चाहते हुए भी आपको किसी ऐसे काम में हाथ डालना पड़ सकता है, जो नैतिक या सामाजिक दृष्टि से जटिल हो।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों को अपने फाइनेंशियल डॉक्यूमेंट्स, टैक्स, या इंश्योरेंस से जुड़े मामलों पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। बैंक या वित्तीय संस्थान से लोन मंजूरी की प्रक्रिया तेज हो सकती है।

**मिथुन :** मिथुन राशि के विचारों की स्पष्टता और वाणी की कुशलता आपके पेशेवर जीवन में चमक लाएगी। ब्रांडेड सामान, ऑनलाइन कोर्स, बच्चों की हॉबी क्लासेज या वाहन संबंधी खर्च संभावित हैं।

**कर्क :** कार्यक्षेत्र में दिन धीमी गति से बीतेगा। बॉस या उच्च अधिकारी की अपेक्षाओं का बोझ मानसिक थकावट ला सकता है। पैसों के मामले में सोच-समझकर कदम उठाएं।

**सिंह :** सिंह राशि वालों का आत्मबल अत्यधिक ऊंचा रहेगा। करियर के क्षेत्र में जो निर्णय आपने पहले लिए थे, उनके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं।

**कन्या :** कन्या राशि वालों का दिन आर्थिक मामलों में गंभीर सोच और विवेकपूर्ण निर्णय की मांग कर रहा है। जॉब में कोई प्रॉजेक्ट या रिपोर्ट की डेडलाइन नजदीक हो सकती है।

**तुला :** तुला राशि के लोग आर्थिक निर्णयों में दूसरों की तुलना में अधिक सजग रहेंगे। किसी वरिष्ठ का मार्गदर्शन आपके लिए लाभकारी रहेगा। आय में सुधार के संकेत हैं।

**वृश्चिक :** कार्यस्थल पर परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण रह सकती हैं। कोई पुराना असाइनमेंट या कमिटमेंट बाधा बन सकता है। फाइनेंस में कोई अचानक निर्णय लेना नुकसानदेह हो सकता है।

**धनु :** धनु राशि का दिन पेशेवर दृष्टि से उज्ज्वल है। कॉर्पोरेट या मल्टीनेशनल कंपनी में कार्यरत लोगों को पदोन्नति या यात्रा का अवसर मिल सकता है। कोई बड़ा क्लाइंट मिल सकता है।

**मकर :** मकर राशि के लोगों का दिन आपकी कड़ी मेहनत का प्रतिफल देने वाला रहेगा। अधिकारियों से प्रस्ताव मिल सकता है। कर्ज संबंधित मामलों में भी समाधान निकल सकता है।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों को अपने कार्य के प्रति अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी। काम में छोटी सी चूक भी बड़ी गलती बन सकती है। आय में थोड़ी अस्थिरता रहेगी।

**मीन :** मीन राशि वालों को अपने कार्य के प्रति पुनः समर्पित होने की आवश्यकता है। पिछले कुछ समय से जो थकान, असमंजस या भ्रम चल रहा था, वह स्पष्टता में बदलेगा।

# दुनिया नशे में झूम रही है, कैसे स्वास्थ्यक्रांति घटित करें



ललित गर्ग

विश्व की गम्भीर समस्याओं में प्रमुख है तम्बाकू और उससे जुड़े नशीले पदार्थों का उत्पादन, तस्करी और सेवन में निरन्तर वृद्धि होना। नई पीढ़ी इस जाल में बुरी तरह कैद हो चुकी है। आज हर तीसरा व्यक्ति विशेषतः महिलाएं किसी-न-किसी रूप में तम्बाकू को अपना चुकी है। बीड़ी-सिगरेट के अलावा तम्बाकू के छोटे-छोटे पाउचों से लेकर तेज मादक पदार्थों, औषधियों तक की सहज उपलब्धता इस आदत को बढ़ाने का प्रमुख कारण है। इस दीवानगी को ओढ़ने के लिए प्रचार माध्यमों ने भी भटकाया है। इसीलिये विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस-31 मई को दुनियाभर में मनाया जाता है। डब्ल्यूएचओ हर साल इस दिवस पर एक थीम निर्धारित करता है। साल 2025 की थीम 'अनमास्किंग द अपीलः तम्बाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करना' है। यह दिवस तंबाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक जनजागृति अभियान एवं एक दुनियाभर में आयोज्य महत्वपूर्ण दिवस है। इसका उद्देश्य तंबाकू के सेवन के जोखिमों को उजागर करना और दुनिया भर के लोगों को धूम्रपान या किसी भी रूप में तंबाकू का उपयोग छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। बड़ा प्रश्न है कि एक नशेड़ी पीढ़ी का देश एवं दुनिया कैसे आदर्श हो सकती है? इस दुर्व्यसन के आदी लोग सुधरने को तैयार नहीं हैं। नशे की गंभीरता एवं विकरालता को देखते हुए साल 1987 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सदस्य देशों ने एक प्रस्ताव पारित किया और हर 31 मई को विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस मनाने का फैसला किया गया।

यह दिन सरकारों से तंबाकू के उपयोग से निपटने, सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क को कम करने और स्वस्थ विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए नीतियों को मजबूत करने का आह्वान भी करता है। ऐसे दिवस को मनाने की उपयोगिता एवं सार्थकता तभी है जब नशे की अंधी गलियों में भटक चुके युवाओं को बाहर निकालना विश्व की हर सरकार का नैतिक एवं प्राथमिक कर्तव्य हो, क्योंकि युवा पीढ़ी नशे की गुलाम हो चुकी है। लेकिन यह विडम्बनापूर्ण है कि सरकारों के लिये यह दिवस कोरा आयोजनात्मक है, प्रयोजनात्मक नहीं। क्योंकि सरकार विवेक से नहीं, स्वार्थ से काम ले रही है। नशे की बुराइयों से लोगों को आगाह भी करती है और शराब, तम्बाकू, सिगरेट का उत्पादन भी बढ़ा रही है। राजस्व प्राप्ति के लिए जनता की जिन्दगी से खेलना क्या किसी लोककल्याणकारी सरकार का काम होना चाहिए?

तंबाकू का सेवन व्यक्तिगत स्वास्थ्य और समाज दोनों पर घातक प्रभाव डालता है, जो कैंसर, हृदय रोग और श्वसन संबंधी समस्याओं जैसी रोकथाम योग्य बीमारियों का एक प्रमुख कारण बना हुआ है। इस दिवस का लक्ष्य एक ऐसी दुनिया बनाना है जहाँ तम्बाकू निषेध का सकारात्मक वातावरण बने एवं कम लोग तम्बाकू से संबंधित बीमारियों से पीड़ित हों। यह दिवस स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने और भविष्य की पीढ़ियों को तम्बाकू के खतरों से बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है। तम्बाकू का सेवन दुनिया भर में रोके जा सकने वाली मौतों के प्रमुख कारणों में से एक है, हर साल लाखों लोग तम्बाकू से जुड़ी बीमारियों की वजह से अपनी जान गंवा देते हैं। इसके सेवन से होने वाली अनेक घातक एवं जानलेवा बीमारियों का व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। तम्बाकू सेवन के दीर्घकालिक परिणाम न केवल धूम्रपान करने वाले को प्रभावित करते हैं, बल्कि सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क में भी योगदान करते हैं, जो बच्चों और कमजोर आबादी सहित धूम्रपान न करने वालों को नुकसान पहुंचाता है।

**विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस -31 मई 2025**

आज छोटे-छोटे बच्चे एवं महिलाएं नशे के आदी हो चुकी हैं। वे ऐसे नशे करती है कि रुह कांपती है। नशा आज एक फैशन बन चुका है। नशे के कारण हम एक विकलांग एवं बीमार पीढ़ी का निर्माण हो रहा हैं। नशे की संस्कृति युवा पीढ़ी को गुमराह कर रही है। अगर यही प्रवृत्ति रही तो सरकार, सेना और समाज के ऊंचे पदों के लिए शरीर और दिमाग से स्वस्थ व्यक्ति नहीं मिलेंगे। प्रसिद्ध फुटबाल खिलाड़ी मैराडोना, पॉप संगीत गायक एल्विस प्रिंसले, तेज धावक बेन जॉनसन, युवकों का चहेता गायक माईकल जैक्सन, ऐसे कितने ही खिलाड़ी, गायक, सिनेमा कलाकार नशे की आदत से या तो अपनी जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं या बरबाद हो चुके हैं। नशे की यह जमीन कितने-कितने आसमान खा गई। विश्वस्तर की ये प्रतिभाएं कीर्तिमान तो स्थापित कर सकती हैं, पर नई पीढ़ी के लिए स्वस्थ विरासत नहीं छोड़ पा रही हैं।

तम्बाकू का उपयोग एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है जो वैश्विक स्तर पर व्यक्तियों और समुदायों को प्रभावित करती है। यह अत्यधिक नशे की लत है, मुख्य रूप से निकोटीन की उपस्थिति के कारण, जिससे व्यक्तियों के लिए बिना सहायता के इसे छोड़ना बेहद मुश्किल हो जाता है। इसके परिणाम भयानक हैं, हर साल 8 मिलियन से अधिक मौतें तम्बाकू से संबंधित बीमारियों के कारण होती हैं। भारत में गुटखा सहित धुआं रहित तंबाकू का उपयोग एक खतरनाक कुचलन है, जिससे गंभीर किस्म की बीमारियां होती हैं। विशेष रूप से गुटखा से कैंसर का खतरा होता है और इसी वजह से साल 2002 से ही गुटखा पर नियंत्रण के प्रयास चलते रहे हैं। साल 2012 से भारतीय राज्यों द्वारा प्रतिबंधित होने के बावजूद गुटखा व्यापक रूप से उपयोग में है। गुटखा लॉबी देश भर में बहुत मजबूत है और इससे सरकारों व उनमें शामिल लोगों को गलत ढंग से भारी कमाई होती है। सबसे पहला राज्य मध्य प्रदेश है, जिसने गुटखा पर प्रतिबंध लगाया था, पर क्या वहां सफलता मिली? बिहार, गुजरात जैसे राज्य, जहां कहने को तो शराब प्रतिबंधित है, पर क्या वहां शराब का मिलना बंद हो गया है? ठीक इसी तरह से गुटखा के साथ हुआ है। लगातार चेतावनियों व विज्ञापनों के बावजूद गुटखा या तंबाकू का सेवन घट नहीं रहा है।

गुटखों और पान मसालों से जुड़ी समस्याओं को अभी भी हम गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। भारत में जनसंख्या-आधारित कैंसर रजिस्ट्री में पाया गया कि 55 प्रतिशत कैंसर तंबाकू के उपयोग से संबंधित थे। भारत तंबाकू उत्पादों का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है। भारत में तंबाकू छोड़ने की दर सबसे कम है, यहां सिर्फ 20 प्रतिशत पुरुष तंबाकू के दुर्व्यसन को छोड़ पाते हैं। जीवन का माप सफलता नहीं, सार्थकता होती है। सफलता तो गलत तरीकों से भी प्राप्त की जा सकती है। जिनको शरीर की ताकत खैरात में मिली हो वे जीवन की लड़ाई कैसे लड़ सकते हैं?

तंबाकू का सेवन कई रूपों में किया जा सकता है जैसे सिगरेट, सिगार, बीड़ी, मलाईदार तंबाकू के रंग की वस्तु (टूथ पेस्ट), क्रिटेक्स, पाईप्स, गुटका, तंबाकू चबाना, सुर्ती-खैनी (हाथ से मल के खाने वाला तंबाकू), तंबाकू के रंग की वस्तु, जल पाईप्स, स्नस आदि। कितने ही परिवारों की सुख-शांति ये तम्बाकू उत्पाद नष्ट कर रहे हैं। बूढ़े मां-बाप की दवा नहीं, बच्चों के लिए कपड़े-किताब नहीं, पत्नी के गले में मंगलसूत्र नहीं, चूल्हे पर दाल-रोटी नहीं, पर नशा चाहिए। करोड़ों लोग अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। दुर्भाग्यवश इस गलत आदत को स्टेटस सिंबल मानकर अक्सर नवयुवक एवं महिलाएं अपनाते हैं और दूसरों के सामने दिखाते हैं। इससे प्रजनन शक्ति कम हो जाती है। यदि कोई गर्भवती महिला धूम्रपान करती है तो या तो शिशु की मृत्यु हो जाती है या फिर कोई विकृति उत्पन्न हो जाती है। लंदन के मेडिकल जर्नल द्वारा किये गये नए अध्ययन में पाया गया कि धूम्रपान करने वाले लोगों के आसपास रहने से भी गर्भ में पल रहे बच्चे में विकृतियाँ उत्पन्न हो जाती हैं। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के डॉ. जोनाथन विनिकॉफ के अनुसार, गर्भावस्था के दौरान माता-पिता दोनों को स्मोकिंग से दूर रहना चाहिए। लगता है विश्व जनसंख्या का अच्छा खासा भाग नशीले पदार्थों के सेवन का आदी हो चुका है। अगर आंकड़ों को सम्मुख रखकर विश्व मानचित्र (ग्लोब) को देखें, तो हमें सारा ग्लोब नशे में झूमता दिखाई देगा।

# बुद्धिमत्ता की एक किरण रवींद्रनाथ का सार्वभौमिक मनुष्यत्व



डॉ.राम आह्लाद चौधरी
प्रोफेसर, कलकत्ता विश्वविद्यालय

सार्वभौमिक मानवतावादी रवीन्द्रनाथ ठाकुर का साहित्यअमर है। उन्होंने मनुष्यत्व यानी मानवतावाद को अपने साहित्य का आधार बनाया है। रवींद्रनाथ ठाकुर प्रथम एशियाई नोबेल पुरस्कार विजेता हैं और वैश्विक साहित्य व चिंतन के एक महान व्यक्तित्व हैं। उनकी लेखनी सार्वभौमिक मानवतावाद की दृष्टि से पीढ़ी-दर-पीढ़ी को प्रेरित करतीआ रही है। उनकी विरासत केवल उनके कलात्मक प्रतिभा तक सीमित नहीं है, बल्कि मानवता, स्वतंत्रता और वैश्विक चेतना जैसे विचारों में उनकी गहन संलग्नता तक विस्तृत है। रवींद्रनाथ ठाकुर का सार्वभौमिक मानवतावाद उनके सांस्कृतिक मूल्यों में गहराई से निहित था, लेकिन यह राष्ट्रीय और क्षेत्रीय सीमाओं से परे था, जिससे वे एक सच्चे वैश्विक चिंतक बने। यह सर्वविदित है कि रवींद्रनाथ ठाकुर के मानवतावादी दर्शन की जड़ें, उनके कार्यों में इसकी अभिव्यक्तियाँ और आज की दुनिया में इसकी प्रासंगिकता अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

रवींद्रनाथ ठाकुर की मानवतावादी दृष्टि पूर्व और पश्चिम की बौद्धिक परंपराओं के संगम से आकार पाई। 1861 में बंगाल के एक प्रगतिशील और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध परिवार में जन्मे रवींद्रनाथ ठाकुर ने प्रारंभिक अवस्था में ही विविध दार्शनिक धाराओं का अनुभव किया। उनके पिता देवेंद्रनाथ ठाकुर द्वारा संचालित ब्रह्म समाज आंदोलन, एकेश्वरवाद, सामाजिक सुधार और तर्कवाद का पक्षधर था, जिसने रवींद्रनाथ ठाकुर के विचारों को गहराई से प्रभावित किया। साथ ही, वे भारतीय दार्शनिक परंपरा, विशेष रूप से उपनिषदों की ओर आकर्षित हुए, जो समस्त अस्तित्व की एकता और प्रत्येक मानव में अंतर्निहित दिव्यता पर बल देते हैं।

इंग्लैंड यात्रा के दौरान पश्चिमी दर्शन और साहित्य के साथ उनके संपर्क और समकालीन यूरोपीय बुद्धिजीवियों के साथ संवाद ने उनकी दृष्टि को और विस्तृत किया। उन्होंने गोएथे, टॉलस्टॉय और वर्ड्सवर्थ जैसे लेखकों के कार्यों में गहरी रुचि ली और एक विश्व-मानव दृष्टिकोण विकसित किया जो उनके सार्वभौमिक विचारधारा का आधार बना।

रवींद्रनाथ ठाकुर की विशाल साहित्यिक कृति-कविता, कथा, नाटक और निबं - मानवतावादी मूल्यों की समृद्ध धरोहर है। गीतांजलि, काव्य संग्रह जिसके लिए उन्हें 1913 में नोबेल पुरस्कार मिला, इस संग्रह में रवींद्रनाथ ठाकुर ने ब्रह्मांड के साथ गहरे आध्यात्मिक संबंध को व्यक्त किया है। उनकी कविताएं आत्मा की गरिमा और आंतरिक स्वतंत्रता के महत्त्व को रेखांकित करती हैं।


उनकी कहानियों और उपन्यासों में मानव संबंधों की जटिलताएं, सामाजिक अन्याय और नैतिक दुविधाओं की गहन पड़ताल की गई है। गोरा, चोखेर बाली, और घरे बाहिरे जैसी पुस्तकों में कार्य संकीर्ण राष्ट्रवाद, धार्मिक कट्टरता और लैंगिक असमानता की आलोचना की गई है। इन रचनाओं के पात्र सत्य, प्रेम और न्याय की खोज में संघर्षरत रहते हैं, अक्सर कठोर सामाजिक मानदंडों के विरुद्ध इन पात्रों का संकल्प अविस्मरणीय है।

रवींद्रनाथ ठाकुर के नाटक जैसे डाकघर और रक्त करबी ने भी प्रभावशाली मानवतावादी संदेश प्रस्तुत किए हैं। इन नाटकों में मुक्ति की आकांक्षा, जीवन के उत्सव और अमानवीय व्यवस्थाओं की आलोचना की गई है। उनके पात्र केवल पीड़ित नहीं हैं, बल्कि अर्थ और स्वतंत्रता के सक्रिय खोजकर्ता हैं।

रवींद्रनाथ के मानवतावाद का सबसे ठोस रूपांतरण शांति निकेतन में उनके शैक्षिक प्रयोग में देखा जा सकता है। औपनिवेशिक शिक्षा की रटंत प्रणाली और कठोर अनुशासन से असंतुष्ट होकर रवींद्रनाथ ठाकुर ने एक ऐसे शिक्षण वातावरण की कल्पना की जो रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और प्रकृति से संबंध को बढ़ावा दे। 1921 में स्थापित विश्व-भारती विश्वविद्यालय में उन्होंने ऐसा स्थान निर्मित किया जहाँ सारा विश्व एक नीड़ में निवास करे।

उनकी शिक्षण पद्धति में विद्यार्थी की व्यक्तिगत पसंद का सम्मान, अंतर-सांस्कृतिक संवाद और कलाओं का समावेश था। उन्होंने विश्वभर से विद्वानों को आमंत्रित किया और विभिन्न संस्कृतियों और भाषाओं के अध्ययन को प्रोत्साहित किया, जिससे वैश्विक शिक्षा की नींव रखी गई। यह मॉडल औपनिवेशिक और राष्ट्रवादी ढाँचों के विरुद्ध एक सृजनात्मक चुनौती था।

रवींद्रनाथ ठाकुर के मानवतावाद का एक सबसे विवादास्पद और दूरदर्शी पहलू राष्ट्रवाद की उनकी आलोचना थी। नेशनलिज्म इन



इंडिया जैसे निबंधों में ठाकुर ने आक्रामक राष्ट्रवाद के खतरों की चेतावनी दी, जिसे उन्होंने मानवता की भावना के विरुद्ध माना। वे मानते थे कि सच्चा देशभक्त वही है जो सार्वभौमिक नैतिक मूल्यों को नहीं त्यागता।

रवींद्रनाथ ठाकुर का राष्ट्रवाद-विरोध देश प्रेम का विरोध नहीं था, बल्कि संकीर्ण पहचान से ऊपर उठकर व्यापक मानव एकता की ओर एक आह्वान था। उनके विचार कई बार महात्मा गांधी जैसे समकालीन नेताओं से मतभेद का कारण बने, हालांकि दोनों के बीच गहरा सम्मान बना रहा।

रवींद्रनाथ ठाकुर सच्चे अर्थों में वैश्विक नागरिक थे। उन्होंने एशिया, यूरोप और अमेरिका का व्यापक दौरा किया और बुद्धिजीवियों, कलाकारों व राजनेताओं से संवाद स्थापित किया। उन्होंने व्याख्यान दिए, सांस्कृतिक आदान-प्रदान में भाग लिया और अंतर-सांस्कृतिक समझ की आवश्यकता पर लेखन किया।

जापान, चीन और अमेरिका जैसे देशों की यात्राएं उनके द्वारा की गईं, जहाँ उन्होंने पश्चिम की तकनीकी प्रगति की सराहना की, परंतु भौतिकवाद और आध्यात्मिक मूल्यों के क्षरण पर चेतावनी भी दी। पूर्व में, उन्होंने सांस्कृतिक आत्मविश्वास के पुनरुद्धार की बात की जो वैश्विक विचारों के लिए खुला हो।

रवींद्रनाथ ठाकुर का वैश्विक समुदाय का दृष्टिकोण राजनीतिक गठबंधनों या आर्थिक एकीकरण पर आधारित नहीं था, बल्कि सत्य, सौंदर्य और करुणा के साझा संकल्प पर आधारित था। वे मानते थे कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आपसी सम्मान ही शांति और न्यायपूर्ण विश्व व्यवस्था की कुंजी हैं।


आज के समय में जब अंध राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक ध्रुवीकरण और पारिस्थितिक संकट बढ़ रहे हैं, रवींद्रनाथ ठाकुर का सार्वभौमिक मानवतावाद एक आकर्षक विकल्प प्रस्तुत करता है। उनका आंतरिक स्वतंत्रता, अंतर-सांस्कृतिक सम्मान और प्रकृति के साथ सामंजस्य पर जोर वर्तमान चुनौतियों से सीधे जुड़ा है।

वैश्विक शिक्षा आंदोलन में उनके समावेशी और समग्र शिक्षा दृष्टिकोण की गूंज सुनाई देती है। औद्योगीकरण और अंध राष्ट्रवाद के अमानवीय प्रभावों पर उनकी चेतावनी आज और भी प्रासंगिक है। जब समाज पहचान, अस्तित्व और सह-अस्तित्व जैसे प्रश्नों से जूझ रहा है, रवींद्रनाथठाकुर का चिंतन नैतिक दिशा प्रदान करता है।

हालाँकि, उनके विचारों की आलोचनात्मक समीक्षा भी आवश्यक है। कुछ आलोचक मानते हैं कि उनका मानवतावाद आदर्शवादी था और सामाजिक असमानताओं की भौतिक व संरचनात्मक स्थितियों पर पर्याप्त ध्यान नहीं देता था। अन्य आलोचक उनके लैंगिक दृष्टिकोण की सीमाओं को रेखांकित करते हैं, जो यद्यपि अपने समय से आगे थे, फिर भी पितृसत्तात्मक ढांचे के भीतर ही थे। इसलिए रवींद्रनाथ ठाकुर की विरासत का एक संतुलित और आलोचनात्मक मूल्यांकन आवश्यक है।

## राज्यों की खबरें

### सदी के अंत तक हिंदू कुश पर्वत से 75 प्रतिशत बर्फ पिघलने की आशंका : अध्ययन



**नयी दिल्ली :** अगर वैश्विक तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होती है तो हिंदू कुश हिमालय के ग्लेशियर की बर्फ सदी के अंत तक 75 प्रतिशत तक कम हो सकती है। हिंदू कुश पर्वत के ये ग्लेशियर कई नदियों का उद्गम स्थल हैं जिनमें इन्हीं ग्लेशियर से पानी आता है और ये नदियां दो अरब लोगों की आजीविका का साधन बनती हैं। एक नए अध्ययन में ये जानकारी सामने आई है। विज्ञान पत्रिका 'साइंस' में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि यदि देश तापमान वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित कर सकें तो हिमालय और कॉकेशस पर्वत में ग्लेशियर की 40-45 प्रतिशत बर्फ संरक्षित रहेगी। अध्ययन में पाया गया कि इसके विपरीत अगर इस सदी के अंत तक दुनिया 2.7 डिग्री सेल्सियस गर्म होती है, तो वैश्विक स्तर पर ग्लेशियर की बर्फ का केवल एक-चौथाई हिस्सा ही बचेगा। अध्ययन में कहा गया है कि मानव समुदायों के लिए सबसे महत्वपूर्ण ग्लेशियर क्षेत्र जैसे कि यूरोपीय आल्प्स, पश्चिमी अमेरिका और कनाडा की पर्वत श्रृंखलाएं तथा आइसलैंड विशेष रूप से बुरी तरह प्रभावित होंगे। दो डिग्री सेल्सियस तापमान पर ये क्षेत्र अपनी लगभग सारी बर्फ खो सकते हैं और 2020 के स्तर पर केवल 10-15 प्रतिशत ही बर्फ बची रह पाएगी। स्कैंडिनेविया पर्वत का भविष्य और भी भयावह हो सकता है, क्योंकि इस स्तर के तापमान में वहां ग्लेशियर पर बर्फ बचेगी ही नहीं। अध्ययन में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि 2015 के पेरिस समझौते द्वारा निर्धारित 1.5 डिग्री सेल्सियस के लक्ष्य तक तापमान को सीमित करने से सभी क्षेत्रों में कुछ ग्लेशियर बर्फ को संरक्षित करने में मदद मिलेगी।

## वर्ग पहेली नं. 3108

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | | ■ | 7 | | |
| 8 | | | ■ | 9 | | ■ | ■ | | ■ |
| | ■ | 10 | 11 | ■ | 12 | | 13 | | |
| 14 | 15 | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | ■ |
| ■ | 18 | 19 | | ■ | ■ | 20 | | ■ | 21 |
| 22 | ■ | | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | | ■ | 26 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | 27 | |

***बायें से दायें :-*** 1) जलन; डाह, 2) कभी कभार, 4) इरादा; उद्देश्य, 6) ?, 7) रोकड़, 8) घूँघट, 9) चौथाई, 10) एक गायिका, 12) प्रभावशील *(भाषा)*; अविराम; लगातार, 14) धरती, 16) शवाच्छादन, 17) अंधा व्यक्ति, 18) खटकना, 20) जानकारी, 23) घमंड, 24) नोक, 25) पतली और कोमल वस्तु का हिलना, 26) संबंध, 27) डोरा.

***ऊपर से नीचे :-*** 1) बाईमान; विश्वसनीय; न्यायप्रिय, 2) उत्सव, 3) प्रायोजन; देखरेख, 4) एक दिन, 5) ब्याह, 6) बलवान, 11) घूरना; टुकुर टुकुर देखना, 13) नवजात शिशु की माँ, 15) प्रतिष्ठा, 19) लबरेज़, 20) जाँच, 21) मुहर; प्रतिष्ठा; ठप्पा, 22) औंधा, 23) भोंदू; अनुभवहीन, 24) उर्दू अक्षरों के साथ लगाई जानेवाली बिंदी.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | ग | पु | र | ■ | अ | पा | हि | ज | ■ |
| वा | ■ | न | व | यु | व | क | ■ | हाँ | फ |
| जि | ग | रा | ■ | व | धा | ■ | मा | ■ | ल |
| ब | ■ | ग | ह | रा | ■ | वा | ह | वा | ही |
| ■ | ब | म | ■ | ज | ग | ■ | वा | ■ | न |
| दा | वा | न | ल | ■ | ज़ | ह | री | ला | ■ |
| मो | ल | ■ | ब | रा | ब | र | ■ | खें | पा |
| द | ■ | क | रा | ह | ■ | रो | गी | ■ | दु |
| र | ज़ा | ई | ■ | त | मी | ज़ | ■ | फी | का |

## सुडोकू-पहेली-3065

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | | | 2 | 5 |
| | | 4 | 7 | 6 | | | | |
| 2 | | | | 1 | | | | |
| | | | | | | 4 | | |
| | 8 | 2 | | | | | | |
| | | | | 8 | | | 5 | 3 |
| | | | | | 6 | 3 | 7 | 1 |
| | | | 9 | 2 | | | | |
| | | 8 | | | 1 | 2 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3064 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 3 | 8 | 4 | 2 | 7 | 9 | 1 |
| 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 6 | 5 | 3 | 2 |
| 1 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 | 3 | 6 | 5 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 6 | 5 | 4 | 8 | 7 |
| 6 | 7 | 5 | 4 | 3 | 8 | 1 | 2 | 9 |
| 7 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 6 | 1 | 3 |
| 3 | 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 2 | 7 | 4 |

# राज्य सचिवालय जा रहे करीब 100 बर्खास्त शिक्षकों को हिरासत में लिया गया

❑ **आंदोलनकारी शिक्षकों एवं पुलिस के बीच झड़प, लाठी चार्ज का आरोप**

**कोलकाता, समाज्ञा :** 'डिजर्विंग टीचर्स राइट्स फोरम' के बैनर तले प्रदर्शन कर रहे करीब 100 उन शिक्षकों को शुक्रवार को राज्य सचिवालय 'नवान्न' की ओर जाते समय दो स्थानों पर हिरासत में लिया गया। यह समूह पात्र शिक्षकों के रूप में स्थायी बहाली की मांग के लिए एकत्र हुआ था तथा भर्ती परीक्षा दोबारा लेने के राज्य के निर्देश का विरोध कर रहा था। एक अन्य प्रदर्शन में, नौकरी गंवा चुके करीब 500 शिक्षकों ने इसी मांग को लेकर साल्टलेक के सेंट्रल पार्क क्षेत्र में रैली निकाली। इससे पहले दिन में सैकड़ों प्रदर्शनकारी सियालदह स्टेशन और एस्प्लेनेड पर लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर अपना मार्च शुरू करने के लिए एकत्र हुए, लेकिन वहां पहले से तैनात पुलिस कर्मियों ने उन्हें रोक दिया। फोरम के एक सदस्य ने कहा



कि हमें शांतिपूर्ण तरीके से लोकतांत्रिक मार्च निकालने की अनुमति नहीं दी गई। हम बस इतना चाहते थे कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात का समय मांगें और उन्हें अपनी स्थिति और मांग से अवगत कराएं। साल्टलेक में करीब 500 शिक्षक, जिनमें से कई ने प्रतीकात्मक विरोध के तौर पर अपनी शर्ट उतार रखी थी शिक्षा विभाग के मुख्यालय विकास भवन के पास एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों ने जब वहां से हटने से इनकार कर दिया, तब पुलिस उन्हें कैदी वाहन में भरकर ले गई।

बिधाननगर के पुलिस उपायुक्त अनीश सरकार ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन की हमेशा अनुमति होती है, लेकिन विरोध के नाम पर सार्वजनिक रूप से शर्ट उतारना सार्वजनिक शा-लीनता और शिष्टाचार का उल्लंघन है। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के बार-बार अनुरोध को नजरअंदाज किया। उन्होंने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार, सेंट्रल पार्क में एक निर्दिष्ट आश्रय स्थान पर धरना-प्रदर्शन को जारी रखने की अनुमति दी गई थी। उपायुक्त (सेंट्रल) इंदिरा मुखर्जी ने सियालदह स्टेशन और एस्प्लेनेड में हुए प्रदर्शन के बारे में बताया कि यातायात में बाधा डालने और सार्वजनिक व्यवस्था को बाधित करने के प्रयास में लगभग 50 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। मुखर्जी ने बताया कि एस्प्लेनेड इलाके में एक मॉल के पास महिला पुलिस अधिकारियों के साथ हाथापाई के दौरान एक प्रदर्शनकारी के पैर में चोट लग गई। मुखर्जी ने बताया कि उसे तुरंत इलाज के लिए पास के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों के तौर पर हम उनकी मांगों या आंदोलन पर टिप्पणी नहीं कर सकते। लेकिन हमें कानून-व्यवस्था की स्थिति



बिगाड़ने की कोशिशों के बारे में जानकारी मिली थी। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में पहचान-पत्र की जांच भी की। छिपे हुए प्रदर्शनकारियों की तलाश के लिए सार्वजनिक बसों की भी जांच की गई।

फोरम के प्रवक्ता चिन्मय मंडल को एस्प्लेनेड में विरोध प्रदर्शन के दौरान हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने कहा कि हम विरोध प्रदर्शन जारी रखने के लिए दृढ़ हैं। हम अगले कदम पर चर्चा करेंगे। उन्होंने राज्य सरकार से अनुरोध किया कि वह उच्चतम न्यायालय से समीक्षा याचिका पर शीघ्र सुनवाई की अपील करे। मंडल ने कहा कि किसी भी योग्य और बेदाग शिक्षक को एसएससी की गलतियों के कारण दोबारा परीक्षा देने के सदमे से गुजरने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए।

काउंसलिंग के बाद भी मनचाही पोस्टिंग नहीं

## देवाशीष हलदार और असफाकुल्ला नय्या ने लगाई हाई कोर्ट में गुहार

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर आंदोलन के दो प्रमुख चेहरों, देवाशीष हलदार और असफाकुल्ला नय्या ने अपनी नियुक्ति को लेकर उत्पन्न विवाद पर शुक्रवार को कलकत्ता हाई कोर्ट का रुख किया। दोनों जूनियर डॉक्टरों का आरोप है कि नियमानुसार काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेने के बावजूद उन्हें मनचाही पोस्टिंग नहीं दी गई। इस मुद्दे पर हाई कोर्ट ने उनकी याचिका स्वीकार कर ली है और न्यायमूर्ति पार्थसारथी चटर्जी की पीठ में आगामी पांच जून को मामले की सुनवाई होने की संभावना है। डॉक्टरों का कहना है कि काउंसलिंग के दौरान वरिष्ठ रेजिडेंट्स से उनकी पसंद के स्थानों के बारे में पूछा गया था और उन्होंने स्पष्ट रूप से अपनी प्राथमिकताएं जताई थीं। इसके बावजूद, तीन डॉक्टरों देवाशीष हलदार, असफाकुल्ला नय्या और अनिकेत महतो को मनपसंद पोस्टिंग नहीं मिली। कोलकाता मेडिकल कॉलेज से जुड़े डॉक्टर देवाशीष को मालदा के गाजोल में नियुक्त किया गया है, जबकि उन्होंने काउंसलिंग में हावड़ा को अपनी पसंद बताया था। इसी तरह, अनिकेत और असफाकुल्ला को भी उनके मनचाहे स्थानों की बजाय अन्यत्र पोस्टिंग दी गई है। फिलहाल, अनिकेत महतो ने अदालत में याचिका दाखिल नहीं की है, लेकिन संगठन के सूत्रों का कहना है कि वह भी शीघ्र ही इसी मुद्दे पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे।

## 'विभाजन की नीति बंगाल में नहीं चलेगी', भाजपा के घर-घर सिंदूर पहुंचाने के विरोध में बोलीं चंद्रिमा भट्टाचार्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पश्चिम बंगाल दौरे और भाजपा के 9 जून से एक महीने तक घर-घर सिंदूर पहुंचाने के कार्यक्रम पर तृणमूल कांग्रेस हमलावर है। राज्य की मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि भाजपा की विभाजन की नीति बंगाल में नहीं चलेगी। चंद्रिमा भट्टाचार्य ने भाजपा के 9 जून से घर-घर सिंदूर भेजने वाले कार्यक्रम का विरोध करते हुए कहा कि भाजपा ऑपरेशन सिंदूर का राजनीतिक फायदा लेने का प्रयास कर रही है। वे किसके घर सिंदूर भेजेंगे, यह एक प्रश्न है।




विभाजन की नीति बंगाल में नहीं चलेगी। सभी महिलाएं एकत्रित होकर इसका विरोध करेंगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पर स्मगलिंग का आरोप लगा रही हैं। भाजपा के इस आरोप पर मंत्री ने कहा कि हम लोगों ने कुछ जगहों पर देखा कि ऐसा हुआ है, जिसकी बात मुख्यमंत्री ने की थी। लेकिन उन्होंने पूरे बीएसएफ को ध्यान में रखकर यह बात नहीं कही। बीएसएफ का जो काम है, उसे वह कर रहा है। फेंसिंग की जमीन केंद्र सरकार को देनी है, लेकिन वह हम दे रहे हैं। ऐसे में ममता बनर्जी पूरे बीएसएफ पर आरोप नहीं लगा रही हैं। इसके बावजूद, अगर किसी को आरोप लगाना है, तो वो लगाते रहें। लेकिन, लोगों को पता है कि मुख्यमंत्री क्या कह रही हैं? वहीं, तृणमूल सांसद काकोली घोष ने पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम मोदी विभिन्न राज्यों में जाकर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बात कर रहे हैं, लेकिन सैनिकों के शौर्य के बारे में उन्होंने नहीं बताया। सैनिकों को सैल्यूट नहीं किया। वहीं, देशभर के सांसद दुनिया भर में घूमकर जब पाकिस्तान के खिलाफ बोल रहे हैं, उन्हें यहां पर आकर महिलाओं का अपमान करने का कोई हक नहीं है।

**कटिहार मंडल पर कवर शेड का प्रावधान कराना**

**ई-निविदा सूचना संख्या. KIR/Engg./33 of 2025 तारीखः 26-05-2025।** नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया हैं। **निविदा संख्या. 1। कार्य का नामः** एसएसई/डब्ल्यू/किशनगंज अधिक्षेत्र के अधीन आरयूबी संख्या. एनसी-23, एनसी-25, एनसी-43, एनसी-45, एनसी-52 एवं एसके-322 हेतु कवर शेड का प्रावधान कराना। **निविदा राशिः** ₹3,07,75,620.78/-। **धरोहर राशिः** ₹3,03,900/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 20-06-2025** तारीख के **15.00** बजे में **एवं खुलेगीः 20-06-2025** तारीख के **15.30** बजे में। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूर्ण जानकारी आगामी **20-06-2025** तारीख के **15.00** बजे तक **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

**डीआरएम (डब्ल्यू), कटिहार**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

*मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में*

**हावड़ा एवं मालदा टाउन से ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनें**

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, हावड़ा एवं न्यू जलपाईगुडी, हावड़ा एवं रक्सौल तथा मालदा टाउन एवं आनंद विहार (टी) के बीच नीचे उल्लेखित संक्षिप्त समय-सूची, यात्रा के दिन, ठहराव एवं गठन के अनुसार ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगीः-

**03027/03028 हावड़ा-नई जलपाईगुड़ी-हावड़ा ग्रीष्मकालीन स्पेशल**

| हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी | | | 03027 03028 | न्यू जलपाईगुड़ी-हावड़ा | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | दिन |
| बुधवार | - | 23.55 | ↓ हावड़ा | 00.10 | - | शुक्रवार |
| गुरुवार | 00.55 | 00.57 | बैण्डेल | 23.08 | 23.10 | गुरुवार |
| | 03.30 | 03.35 | आजिमगंज जं. | 19.30 | 19.35 | |
| | 06.25 | 06.30 | मालदा टाउन | 17.10 | 17.15 | |
| | 10.45 | - | न्यू जलपाईगुड़ी↑ | - | 12.45 | |

उपरोक्त ट्रेन यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में नवद्वीप धाम, कटवा, जंगीपुर रोड, बारसोई, किशनगंज एवं अलुआबाड़ी रोड स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथियां और दिनः हावड़ा से - 03027** दिनांक 04.06, 11.06, 18.06 एवं 25.06.2025 (बुधवार) तथा **न्यू जलपाईगुड़ी से - 03028** दिनांक 05.06, 12.06, 19.06 एवं 26.06.2025 (बुधवार) = 4 ट्रिप प्रत्येक। **गठन** : वातानुकूलित प्रथम+वातानुकूलित 2-टीयर कम्पोजिट कोच-1, वातानुकूलित 2-टीयर-1, वातानुकूलित 3-टीयर-5, वातानुकूलित 3-टीयर इकोनॉमी-1, शयनयान श्रेणी-7, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलएस)-4, एलएसएलआरडी-1, पावर-1 = 21 कोच। **श्रेणीः** मेल/एक्सप्रेस।

**03043/03044 हावड़ा-रक्सौल-हावड़ा ग्रीष्मकालीन स्पेशल**

| हावड़ा-रक्सौल | | | 03043 03044 | रक्सौल-हावड़ा | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | दिन |
| शनिवार | - | 23.00 | ↓ हावड़ा | 10.45 | - | सोमवार |
| रविवार | 02.37 | 02.42 | आसनसोल | 05.15 | 05.20 | |
| | 03.53 | 03.55 | मधुपुर | 04.03 | 04.05 | |
| | 12.50 | 12.55 | दरभंगा | 20.20 | 20.25 | रविवार |
| | 16.15 | - | रक्सौल ↑ | - | 17.30 | |

उपरोक्त ट्रेन यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में बैण्डेल, बर्द्धमान, दुर्गापुर, चित्तरंजन, जसीडीह, झाझा, किऊल, बरौनी, समस्तीपुर, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी एवं बैरगनिया स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथियां और दिनः हावड़ा से - 03043** दिनांक 07.06, 14.06, 21.06 एवं 28.06.2025 (शनिवार) तथा **रक्सौल से - 03044** दिनांक 08.06, 15.06, 22.06 एवं 29.06.2025 (रविवार) = 4 ट्रिप प्रत्येक। **गठन** : वातानुकूलित 2-टीयर- 1, वातानुकूलित 3-टीयर-2, शयनयान श्रेणी-9, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलएस)-4, एसएलआरडी-1, पावर-1 = 18 कोच। **श्रेणीः** मेल/एक्सप्रेस।

**03435/03436 मालदा टाउन-आनंद विहार (टी)-मालदा टाउन ग्रीष्मकालीन स्पेशल**

| मालदा टाउन-आनंद विहार(टी) | | | 03435 03436 | आनंद विहार (टी)-मालदा टाउन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | दिन |
| सोमवार | - | 09.30 | ↓ मालदा टाउन | 21.05 | - | बुधवार |
| | 12.42 | 12.52 | भागलपुर | 16.50 | 17.00 | |
| | 15.15 | 15.20 | किऊल | 15.00 | 15.05 | |
| मंगलवार | 01.50 | 01.55 | प्रयागराज जं. | 05.00 | 05.05 | |
| | 13.40 | - | आनंद विहार (टी)↑ | - | 15.45 | मंगलवार |

उपरोक्त ट्रेन यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में न्यू फरक्कास, बड़हरवा जंक्शन, साहिबगंज जंक्शन, पिरपैंती, कहलगाँव, सुल्तानगंज, जमालपुर जंक्शन, अभयपुर, शेखपुरा, नवादा, तिलैया, गया जंक्शन, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, गोविंदपुरी एवं टूण्डला जंक्शन स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथियां और दिनः मालदा टाउन से - 03435** दिनांक 02.06, 09.06, 16.06, 23.06 एवं 30.06.2025 (सोमवार) तथा **आनंद विहार (टी) से - 030436** दिनांक 03.06, 10.06, 17.06, 24.06.2025 एवं 01.07.2025 (मंगलवार) = 5 ट्रिप प्रत्येक। **गठन** : वातानुकूलित 2-टीयर- 2, वातानुकूलित 3-टीयर-6, शयनयान श्रेणी-8, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलएस)-4, एसएलआरडी-1, पावर-1 = 22 कोच। **श्रेणीः** मेल/एक्सप्रेस। **मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## शुभेंदु अधिकारी ने चुनाव आयोग से बंगाल चुनाव अन्य राज्यों के साथ नहीं कराने का किया आग्रह

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को चुनाव आयोग से राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव अन्य राज्यों के साथ नहीं कराने का आग्रह किया। शुभेंदु अधिकारी ने राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर 'आतंक का माहौल' बनाने का आरोप लगाया। इस दिन, नेता प्रतिपक्ष ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए, तृणमूल कांग्रेस समर्थित बदमाशों पर गुरुवार को अलीपुरद्वार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली में जाने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों पर हमला करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल समर्थित गुंडों ने 34 वाहनों में तोड़फोड़ की और भाजपा के 22



कार्यकर्ताओं को घायल कर दिया, ताकि उन्हें प्रधानमंत्री की रैली में पहुंचने से रोका जा सके। भाजपा नेता ने दावा किया कि प्रधानमंत्री के खिलाफ तृणमूल नेताओं द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली भाषा धमकी भरी और अलोकतांत्रिक है। इन परिस्थितियों में, पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं हैं। उन्होंने निर्वाचन आयोग से राज्य विधानसभा चुनाव को असम, बिहार या केरल में होने वाले चुनावों के साथ नहीं कराने का आग्रह किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने बिजली की दरों में वृद्धि को लेकर भी राज्य सरकार की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक नेता स्मार्ट मीटर लगाने में शामिल निजी एजेंसियों से कमीशन ले रहे हैं और दावा किया कि ये उपकरण उपयोगकर्ताओं से 12 के बजाय 13 महीने का शुल्क लेते हैं। हालांकि, इस आरोप के समर्थन में उन्होंने कोई साक्ष्य नहीं पेश किया। उन्होंने कहा कि हम इस संबंध में जन सभाएं और जागरूकता अभियान आयोजित करेंगे तथा भाजपा विधायक विधानसभा में इस मुद्दे को उठाएंगे।

## चापड़ा में महिला आईसीडीएस कर्मी का रक्तरंजित शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा**

नदिया जिला के चापड़ा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक महिला आईसीडीएस कर्मी का रक्तरंजित शव घर के अंदर से बरामद किया गया। मृतका की पहचान मंजरा दास (55) के रूप में की गई है। इस दिन, सुबह से ही उसका पति लापता है। तो क्या पति ने पत्नी की हत्या कर भाग गया? यह सवाल उठ खड़ा हुआ है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। मंजरा दास का घर चापड़ा थाना अंतर्गत दईर बाजार ढकापाड़ा इलाके में है। बताया जाता है कि वह इलाके में आईसीडीएस कर्मी थी। इस दिन, सुबह में घर के अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। घर का दरवाजा भी खुला था। स्थानीय लोग घर के अंदर दाखिल हुए तो देखा गया कि मंजरा दास लहूलुहान अवस्था में पड़ी थी। घर के अंदर काफी खून फैला हुआ था। उसके बाद, पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर गई और शव बरामद किया।

हालांकि, इस घटना को एक व्यक्ति ने अंजाम दिया या कई लोगों ने? इस बात की जांच की जा रही है। जांचकर्ताओं का मानना है कि घटना गुरुवार की रात की है। महिला का पति भी लापता है। इससे भी रहस्य बढ़ गया है। क्या पति ने पत्नी की हत्या कर भाग गया? या उसका अपहरण हुआ? यही सवाल उठ रहा है। उसकी भी तलाश शुरू कर दी गई है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा – दिनांक 28.05.2025**

निम्नलिखित कार्य के ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति यूनिट, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना कं.** – सी पी एम– जी एस यू–जबल–05–2025 दिनांक 28.05.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** – बाग्रतवा में गुड्स शेड सुविधा के विस्तार के कार्य, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये**– 15,65,62,716/– **बयाना राशि रूपये** – 9,32,800/– **समापन अवधि**– 18 माह **निविदा, प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक** – 27.06.2025 **निविदा खुलने का समय 15.15 बजे तिथि – 27/06/2025** उपरोक्त ई–निविदा के संपूर्ण जानकारी वेबसाईट "https://ireps.gov-in" उपलब्ध है। एवं इसकी पूर्ण जानकारी मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति यूनिट, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। **(हस्ता.)**

**सहायक मंडल अभियंता**

**गति शक्ति यूनिट, पमरे, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## 'विपक्षी नेताओं को डराने की कोशिश, यह लोकतंत्र पर हमला है'

❑ **चुनाव बाद हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पांच अभियुक्तों की जमानत रद्द की, आत्मसमर्पण का निर्देश**

**नई दिल्ली/कोलकाता :** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद हुई हिंसा से संबंधित दंगा और दुष्कर्म के प्रयास के मामले में पांच आरोपियों को जमानत देने के कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश को गुरुवार को रद्द कर दिया। प्रतिवादी शेख जमीर, शेख नूराई, शेख अशरफ उर्फ शेख राहुल उर्फ असरफ, जयंत डोम और शेख कबीरुल पर शिकायतकर्ता के घर में तोड़फोड़ करने, उसके साथ मारपीट करने और भाजपा के लिए प्रचार करने वाले आरोपी के संबंध में उसकी पत्नी के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास करने का आरोप है। यह मामला कथित तौर पर 2 मई 2021 को हुई एक घटना से संबंधित है, जो विधानसभा चुनाव परिणामों की घोषणा की तारीख है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की खंडपीठ ने सीबीआई की अपील पर विचार करते हुए कहा कि मामले में आरोप गंभीर हैं और अदालत की अंतरात्मा को झकझोरने का प्रभाव है।

कोर्ट ने कहा कि हमें लगता है कि वर्तमान मामला एक ऐसा मामला है जिसमें आरोपी प्रतिवादियों के खिलाफ आरोप इतने गंभीर हैं कि इसने अदालत की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। इसके अलावा, आरोपी व्यक्तियों की आसन्न प्रवृत्ति मुकदमे की कार्यवाही पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता के घर पर हमला चुनाव परिणाम के दिन शुरू किया गया जिसका एकमात्र उद्देश्य बदला लेना था क्योंकि उन्होंने भगवा पार्टी का समर्थन किया था। यह एक गंभीर परिस्थिति है जो हमें आश्वस्त करती है कि प्रतिवादियों सहित आरोपी व्यक्ति विपरीत राजनीतिक दल के सदस्यों को आतंकित करने की कोशिश कर रहे थे, जिनका आरोपी प्रतिवादी समर्थन कर रहे थे। कोर्ट ने इस घटना को लोकतंत्र की जड़ों पर हमला बताया और कहा कि जिस निंदनीय तरीके से घटना को अंजाम दिया गया था, वह आरोपी व्यक्तियों के प्रतिशोधी रवैये और विरोधी पक्ष के समर्थकों को किसी भी तरह से प्रस्तुत करने के उनके घोषित उद्देश्य को दर्शाता है। यह कायरतापूर्ण अपराध लोकतंत्र की जड़ों पर गंभीर हमले से कम नहीं था। अदालत ने कहा कि स्थानीय पुलिस द्वारा शिकायत दर्ज करने से इनकार करने से शिकायतकर्ता को इलाके में आरोपी के प्रभाव के बारे में आशंका है। अदालत ने आरोपियों को दो सप्ताह के भीतर निचली अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया, जिसमें विफल रहने पर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कठोर कदम उठाए जाने चाहिए। आत्मसमर्पण या गिरफ्तारी पर, उन्हें हिरासत में भेजा जाना है।

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/सिगनल, मेट्रो रेलवे, कोलकाता द्वारा खुली निविदा के प्रतिपक्ष इ-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा खोलने की तिथि 30.06.2025 को 15.00 बजे है। इस निविदा के लिए मैन्युअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं इस प्रकार प्राप्त कोई भी मैन्युअल प्रस्ताव मान्य नहीं है। **कार्य का नाम** : मेट्रो रेलवे, कोलकाता के कवि सुभाष और दमदम स्टेशनों पर स्थापित सीमेंस प्रस्तुतकारक (वेस्ट्रेस) इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के लिए ओईएम या ओईएम के अधिकृत डीलर के साथ 3 वर्ष की अवधि के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी)। **निविदा लागत** : रु.45,93,109.68, **बयाना राशि** : रु. 91,900/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : रु. 0.00, **कार्य समापन** : 36 माह। निविदा वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदाकार के पास क्लास-III डिजिटल सिगनेचर सर्टिफिकेट अवश्य रहे एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर पन्जीकृत रहे। केवल पन्जीकृत निविदादाता इ-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। इ-निविदा में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात अवश्य अपलोड किए जाएं।

**खुली निविदा सूचना सं. : सं व दू/कार्य/06–2025**

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

## कोलकाता में फिर मिले 5 नए कोरोना मरीज, एक आईसीयू में भर्ती

**कोलकाता :** कोलकाता शहर में एक बार फिर पांच नए कोरोना संक्रमित मरीजों की पहचान हुई है। अलीपुर के एक निजी अस्पताल में जांच के बाद इनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। सभी मरीज सर्दी-खांसी, बुखार, सांस की तकलीफ और न्यूमोनिया जैसे लक्षणों के साथ अस्पताल पहुंचे हैं। अस्पताल के डॉक्टरों ने सतर्क रहने की सलाह दी है। जानकारी के मुताबिक, इन पांच संक्रमितों में से एक की हालत गंभीर है और उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि संक्रमण के मामले बढ़ सकते हैं और जांच की संख्या भी लगातार बढ़ रही है, खासकर बुजुर्ग और बीमार मरीजों को लेकर अतिरिक्त सतर्कता की जरूरत है।

## भाजपा ने सिंदूर बांटने की खबरों को खारिज किया, ममता पर साधा निशाना

**नई दिल्ली/कोलकाता :** भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना करते हुए शुक्रवार को कहा कि किसी भी राजनेता को ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। पार्टी ने मीडिया की उन खबरों को भी फर्जी बताया जिसमें दावा किया गया था कि सत्तारूढ़ भाजपा, सरकार की वर्षगांठ के अवसर पर महिलाओं के बीच सिंदूर बांटने की योजना बना रही है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि ममता बनर्जी ने जो कहा, वह कभी नहीं कहा जाना चाहिए। किसी भी राजनेता या निर्वाचित प्रतिनिधि को ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए (ममता ने कहा) 'क्या पीएम मोदी हर महिला के पति हैं?' यह किस तरह की भाषा है? उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि लेकिन हां, मोदी सबके सेवक हैं। वह कुछ लोगों के लिए पिता और दूसरों के लिए भाई जैसे हैं।

तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो बनर्जी पर निशाना साधते हुए पात्रा ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि अगर किसी ने बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं को शरण देने का काम किया है, तो वह ममता बनर्जी हैं। उनसे बहुत लगाव है उनका। भाजपा सांसद ने मीडिया में आई उन खबरों को 'फर्जी' बताकर खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि सत्तारूढ़ भाजपा मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के एक साल पूरे होने के उपलक्ष्य में महिलाओं के बीच सिंदूर बांटने की योजना बना रही है।

**सियालदह/कोलकाता-लालगोला अनुभाग में ट्रेन सेवाओं की संशोधित अनुसूची**

यात्रियों, विशेषकर महिला यात्रियों/बुजुर्ग यात्रियों/बच्चों के सुविधार्थ, **दिनांक 04.06.2025 (बुधवार) से** नीचे उल्लेखित 11 (ग्यारह) एमईएमयू ट्रेन सेवाओं को ईएमयू ट्रेन सेवाओं में रूपांतरण के साथ 09 (नौ) सियालदह/कोलकाता-लालगोला-सियालदह/कोलकाता ट्रेन सेवाओं को दो अलग-अलग खंडों यानी **सियालदह/कोलकाता-कृष्णनगर सिटी ईएमयू** लोकल सेवाओं तथा **कृष्णनगर सिटी-लालागोला ईएमयू** पैसेंजर सेवाओं (तथा विपरीत दिशा में) विभाजित किया जाएगा। संशोधित ट्रेन संख्याएं तथा प्रस्थान एवं आगमन की समय-सूची निम्नानुसार हैं:

| अनुसूचित एमईएमयू सेवाएं | | | | | संशोधित ईएमयू सेवाएं | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एमईएमयू यात्री | से | समय | तक | समय | ईएमयू लोकल/पैसेंजर का नया नाम एवं सं. | से | समय | तक | समय | कृष्णनगर में ठहराव |
| 63133 रानाघाट-लालगोला | रानाघाट | 07.00 | लालगोला | 10.12 | **31775** रानाघाट-लालगोला ईएमयू | रानाघाट | 07.00 | लालगोला | 10.12 | - |
| 63104 लालगोला-सियालदह | लालगोला | 11.18 | सियालदह | 16.00 | **31872** लालगोला-कृष्णनगर सिटी ईएमयू | लालगोला | 10.48 | कृष्णनगर सिटी | 13.18 | 32 मिनट |
| | | | | | **31850** कृष्णनगर सिटी-सियालदह ईएमयू | कृष्णनगर सिटी | 13.50 | सियालदह | 16.00 | |
| 63102 लालगोला-कोलकाता | लालगोला | 08.35 | कोलकाता | 13.25 | **31870** लालगोला-कृष्णनगर सिटी ईएमयू | लालगोला | 08.05 | कृष्णनगर सिटी | 10.40 | 32 मिनट |
| | | | | | **31882** कृष्णनगर सिटी-कोलकाता ईएमयू | कृष्णनगर सिटी | 11.12 | कोलकाता | 13.25 | |
| 63101 कोलकाता-लालगोला | कोलकाता | 14.10 | लालगोला | 19.00 | **31881** कोलकाता-कृष्णनगर सिटी ईएमयू | कोलकाता | 14.10 | कृष्णनगर सिटी | 16.25 | 32 मिनट |
| | | | | | **31865** कृष्णनगर सिटी-लालगोला ईएमयू | कृष्णनगर सिटी | 16.57 | लालगोला | 19.30 | |
| 63177 सियालदह-लालगोला | सियालदह | 16.40 | लालगोला | 21.42 | **31847** सियालदह-कृष्णनगर सिटी ईएमयू | सियालदह | 16.40 | कृष्णनगर सिटी | 19.01 | 19 मिनट |
| | | | | | **31867** कृष्णनगर सिटी-लालगोला ईएमयू | कृष्णनगर सिटी | 19.20 | लालगोला | 22.00 | |
| 63176 लालगोला-सियालदह | लालगोला | 07.28 | सियालदह | 12.45 | **31868** लालगोला-कृष्णनगर सिटी ईएमयू | लालगोला | 07.28 | कृष्णनगर सिटी | 10.20 | 20 मिनट |
| | | | | | **31848** कृष्णनगर सिटी-सियालदह ईएमयू | कृष्णनगर सिटी | 10.40 | सियालदह | 13.03 | |
| 63103 सियालदह-लालगोला | सियालदह | 19.20 | लालगोला | 23.55 | **31849** सियालदह-कृष्णनगर सिटी ईएमयू | सियालदह | 19.20 | कृष्णनगर सिटी | 21.30 | 30 मिनट |
| | | | | | **31869** कृष्णनगर सिटी-लालगोला ईएमयू | कृष्णनगर सिटी | 22.00 | लालगोला | 00.23 | |
| 63108 लालगोला-सियालदह | लालगोला | 05.00 | सियालदह | 09.57 | **31866** लालगोला-कृष्णनगर सिटी ईएमयू | लालगोला | 04.30 | कृष्णनगर सिटी | 06.56 | 32 मिनट |
| | | | | | **31846** कृष्णनगर सिटी-सियालदह ईएमयू | कृष्णनगर सिटी | 07.28 | सियालदह | 09.57 | |
| 63107 सियालदह-लालगोला | सियालदह | 10.28 | लालगोला | 15.00 | **31845** सियालदह-कृष्णनगर सिटी ईएमयू | सियालदह | 10.28 | कृष्णनगर सिटी | 12.35 | 32 मिनट |
| | | | | | **31863** कृष्णनगर सिटी-लालगोला ईएमयू | कृष्णनगर सिटी | 13.07 | लालगोला | 15.30 | |
| 63106 लालगोला-सियालदह | लालगोला | 18.35 | सियालदह | 23.25 | **31874** लालगोला-कृष्णनगर सिटी ईएमयू | लालगोला | 18.05 | कृष्णनगर सिटी | 20.38 | 32 मिनट |
| | | | | | **31852** कृष्णनगर सिटी-सियालदह ईएमयू | कृष्णनगर सिटी | 21.10 | सियालदह | 23.25 | |
| 63111 सियालदह-रानाघाट | सियालदह | 23.50 | रानाघाट | 01.38 | **31633** सियालदह-रानाघाट ईएमयू | सियालदह | 23.50 | रानाघाट | 01.38 | - |

**दिनांक 04.06.2025 से** नीचे उल्लेखित ईएमयू ट्रेनों की समय-सूची में भी निम्नानुसार संशोधन किए जाएंगेः (1) **31426 नैहाटी-सियालदह-ईएमयू** नैहाटी **प्रस्थानः 12.05 बजे** एवं सियालदह **आगमनः 13.10 बजे** तथा (2) **31242 बैरकपुर-सियालदह ईएमयू** बैरकपुर **प्रस्थानः 11.55 बजे** एवं सियालदह **आगमन 12.37 बजे।** **मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

# एसएससी भर्ती मामला : ओएमआर शीट्स को लेकर विशेष सतर्कता, स्कैन की गई प्रतियों को 10 साल तक रखने का फैसला

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) ने राज्य सरकार द्वारा संचालित माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूलों में शिक्षकों की नई भर्ती प्रक्रिया की घोषणा करते हुए इस बार ओएमआर शीट्स (ऑप्टिकल मार्क रिकग्निशन शीट्स) के संरक्षण और उनकी स्कैन की गई प्रतियों को लंबे समय तक सहेजने पर विशेष जोर दिया है। आयोग ने गुरुवार की रात को नई भर्ती से जुड़ा अधिसूचना जारी किया, जिसमें बताया गया कि इस बार लिखित परीक्षा सितंबर के पहले सप्ताह में आयोजित की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया में उपयोग की जाने वाली ओएमआर शीट्स की हार्ड कॉपी को कम से कम दो वर्षों तक संरक्षित रखा जाएगा। पहले इन्हें सिर्फ एक साल तक ही सुरक्षित रखा जाता था, जैसा कि 2016 की भर्ती प्रक्रिया में किया गया था। अब ओएमआर शीट्स की स्कैन की गई प्रतियां या मिरर इमेज भी एसएससी के सर्वर पर कम से कम 10 साल तक रखी जाएंगी। हालांकि, नई भर्ती का पैनल पहले की तरह एक साल के लिए मान्य रहेगा। आयोग ने यह अधिकार अपने पास रखा है कि आवश्यकता पड़ने पर वह इस पैनल की वैधता को अतिरिक्त छह महीने तक बढ़ा सकता है।

राज्य शिक्षा विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, ओएमआर शीट्स के संरक्षण को लेकर इस बार विशेष ध्यान इसलिए दिया गया है क्योंकि 2016 की भर्ती में 25 हजार 753 शिक्षकीय और गैर-शिक्षकीय पदों की चयन प्रक्रिया में अनियमितताओं के मामले में जब कलकत्ता हाई कोर्ट और फिर सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई हुई, तब यह सामने आया कि आयोग ने ओएमआर शीट्स को सही ढंग से संरक्षित नहीं किया था।

पहली गलती यह रही कि आयोग ने परीक्षा के एक साल बाद ही मूल ओएमआर शीट्स को नष्ट कर दिया, जबकि पहले इन्हें कम से कम तीन वर्षों तक संरक्षित किया जाता था। दूसरी बड़ी चूक यह थी कि ओएमआर शीट्स की स्कैन की गई प्रतियों को भी नहीं रखा गया। तीसरी बड़ी गलती यह रही कि ओएमआर शीट्स के मूल्यांकन और संरक्षण का कार्य बाहरी एजेंसी को सौंप दिया गया, जबकि डब्ल्यूबीएसएससी के पास खुद की पर्याप्त संरचना मौजूद थी। इन सभी लापरवाहियों के कारण यह तय कर पाना बेहद कठिन हो गया कि कौन से उम्मीदवार वास्तविक थे और कौन गलत तरीके से चयनित हुए थे। अब आयोग ने इस बार की भर्ती प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बनाने के लिए कई संरचनात्मक बदलाव किए हैं, ताकि भविष्य में ऐसी कोई कानूनी बाधा उत्पन्न न हो।

## एसएससी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन से कामकाज ठप, पुलिस को आयोग का पत्र

**कोलकाता : स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) ने राज्य पुलिस को पत्र लिखकर एसएससी कार्यालय को सुचारु रूप से चलाने में मदद की अपील की है। पिछले एक महीने से कई संगठन आयोग कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुआ है। आयोग के अध्यक्ष का कहना है कि यदि यह प्रदर्शन जारी रहा तो सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय की गई समयसीमा में भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाएगी। इसलिए आयोग ने गेट को खुला रखने और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस से सहयोग मांगा है।**

## नई भर्ती अधिसूचना से भी नहीं माने आंदोलनकारी, कोर्ट जाने की तैयारी

गुरुवार को एसएससी द्वारा नई नियुक्ति नीति जारी की गई और शुक्रवार को भर्ती परीक्षाओं की तारीखों की घोषणा की गई। सितंबर के पहले सप्ताह में नौवीं-दसवीं और ग्यारहवीं-बारहवीं कक्षाओं के शिक्षकों की भर्ती परीक्षा होगी। परिणाम अक्टूबर के चौथे सप्ताह में घोषित किए जाएंगे। इसके बावजूद, नियुक्ति नीति को लेकर असंतोष बना हुआ है। कई आंदोलनकारी शिक्षक अब अदालत का रुख करने की तैयारी कर रहे हैं।

### स्थानांतरण विवाद पर हाईकोर्ट में सुनवाई, जज ने पूछा:

## हाईकोर्ट बंद हो तो क्या सीधे सुप्रीम कोर्ट जाएंगे?

**कोलकाता :** संघर्षशील संयुक्त मंच के सदस्य सुदीप चंद को 27 मई को अलीपुरद्वार स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने इस स्थानांतरण आदेश को कोलकाता हाईकोर्ट में चुनौती दी। उनके वकील ने गर्मी की छुट्टियों के कारण ट्राइब्यूनल बंद होने की बात कही और हाईकोर्ट में याचिका स्वीकारने की अनुमति मांगी। जस्टिस तीरथंकर घोष ने सवाल किया कि हाईकोर्ट बंद हो तो क्या आप सीधे सुप्रीम कोर्ट जाएंगे? वकील ने जवाब दिया कि हाईकोर्ट बंद होने पर वे चीफ जस्टिस या रजिस्ट्रार जनरल के पास आवेदन कर सकते हैं, लेकिन ट्राइब्यूनल के मामले में यह सुविधा नहीं है।

## दिनहाटा में 28 बांग्लादेशी घुसपैठियें गिरफ्तार



**कूचबिहार :** कूचबिहार जिले के दिनहाटा से पुलिस ने 28 बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशियों में 11 पुरुष, 8 महिलाएं और 9 बच्चे शामिल हैं। सभी बांग्लादेशियों को गुरुवार की देर रात दिनहाटा स्टेशन संलग्न इलाके से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ये दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के विभिन्न ईंट भट्ठों में काम करते थे। जैसे ही अवैध घुसपैठियों की तलाश में उन जगहों पर पुलिस अभियान चलाया गया, ये अपने देश लौटने की फिराक में थे। ये अवैध घुसपैठिए बिहार के गया में एक ईंट भट्टे में काम करने लगे। लेकिन वहां भी पुलिस की सक्रियता बढ़ने पर ये कूचबिहार संलग्न कंटीले तार वाले सीमा क्षेत्र के रास्ते अपने देश यानी बांग्लादेश लौटने की फिराक में थे। इससे पहले दिनहाटा स्टेशन संलग्न इलाके से पुलिस ने देर रात अभियान चलाकर बांग्लादेशियों को गिरफ्तार कर लिया। दिनहाटा थाने की पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## सत्व सुकून लाइफकेयर लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 के शानदार नतीजे किए घोषित

**कोलकाता, समाज्ञा :** होम डेकोर और सुगंध उत्पादों के क्षेत्र में सक्रिय सत्व सुकून लाइफकेयर लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 में जबरदस्त वित्तीय प्रदर्शन के साथ 48 करोड़ के राइट्स इश्यू की घोषणा की है। कंपनी 1 प्रति शेयर के मूल्य पर 48 करोड़ राइट्स इक्विटी शेयर जारी करेगी, जो 28 मई से 26 जून, 2025 तक खुला रहेगा। यह राइट्स इश्यू पात्र शेयरधारकों को 9 मई की रिकॉर्ड तिथि तक 2 शेयरों पर 5 राइट्स शेयर देने के अनुपात में मिलेगा। कंपनी के एमडी मीत टी. ब्रह्मभट्ट ने इसे विकास यात्रा का अहम पड़ाव बताया। वित्तीय वर्ष 2025 में कंपनी का शुद्ध लाभ 109% बढ़कर 248.94 लाख और आय 48% बढ़कर 526.30 लाख रही। यह पूंजी निवेश कंपनी के विस्तार और नवाचार को गति देने की दिशा में एक सशक्त कदम है, जो निवेशकों के विश्वास को और मजबूत करेगा।

# कोयला तस्करी मामले में लाला की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली/कोलकाता :** कोयला खनन और तस्करी मामले में मुख्य अभियुक्त अनुप माजी उर्फ लाला माजी को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका को सख्ती से खारिज कर दिया, जिससे उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। लाला माजी पर आरोप है कि उन्होंने अवैध कोयला खनन और तस्करी के जरिए 1000 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति अर्जित की। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उन्हें इस मामले में मुख्य अभियुक्त बनाया था। इसके बाद, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की और 163 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की। ईडी का



दावा है कि यह संपत्ति कोयला तस्करी से कमाए गए काले धन से खरीदी गई थी। सीबीआई और ईडी ने लाला माजी को कई बार पूछताछ के लिए बुलाया। लाला ने अपनी संपत्तियों के स्रोत के बारे में कुछ दस्तावेज प्रस्तुत किए, लेकिन ईडी उनके जवाबों से संतुष्ट नहीं हुई। इसके बाद, ईडी ने दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में मामला दर्ज किया। लाला द्वारा दायर जमानत याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया, जिसमें यह तर्क दिया गया था कि उनके खिलाफ गंभीर आरोप हैं और जांच को प्रभावित करने की आशंका है। जमानत याचिका खारिज होने के बाद लाला माजी की गिरफ्तारी की संभावना और मजबूत हो गई है। सूत्रों के अनुसार, ईडी उनकी अन्य संपत्तियों को भी चिह्नित कर सकती है। जांच एजेंसियां इस मामले को गहराई से खंगाल रही हैं, क्योंकि इसमें पश्चिम बंगाल की राजनीति और नौकरशाही से जुड़े बड़े नामों के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है।

## मुर्शिदाबाद में पिकअप वैन में छिपाकर ले जाया जा रहा था 81 किलो गांजा जब्त, एक गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** जिले के नवग्राम थाना अंतर्गत शिवपुर बस स्टैंड के पास पुलिस ने शुक्रवार को 80 किलो 890 ग्राम गांजा जब्त किया है। यह गांजा एक पिकअप वैन के चेसिस में छिपाकर जलपाईगुड़ी से कोलकाता तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। इस मामले में वाहन के चालक विश्वमित्र अधिकारी (38) को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि एक गाड़ी में नशीले पदार्थों की तस्करी हो रही है, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। लालबाग के उप पुलिस अधीक्षक (एसडीप-ीओ) आनंद मंडल ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि नवग्राम थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक पिकअप वैन में गांजा तस्करी की जा रही है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने शिवपुर बस स्टैंड के पास नाकाबंदी की और संदिग्ध वैन को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन के चेसिस के अंदर छिपाए गए 80 किलो 890 ग्राम गांजा बरामद किया गया। वैन के चालक विश्वमित्र अधिकारी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। आनंद मंडल ने बताया कि आरोपी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है और उसे सात दिन की पुलिस रिमांड के लिए कोर्ट में पेश किया गया।

पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस तस्करी में और कौन-कौन शामिल हो सकता है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गांजा जलपाईगुड़ी से कोलकाता ले जाया जा रहा था। पुलिस अब इस तस्करी गिरोह के अन्य सदस्यों और उनके नेटवर्क का पता लगाने के लिए गहन जांच कर रही है।

## मालदह डीआरएम कार्यालय को मिला गुणवत्ता और स्वच्छता में उत्कृष्टता का प्रमाणपत्र

**मालदह :** पूर्व रेलवे के मालदह डिविजनल रेलवे मैनेजर कार्यालय ने एक नई उपलब्धि हासिल करते हुए आईएसओ 9001:2015 और 5एस प्रमाणपत्र प्राप्त किया है। यह पूर्व रेलवे का पहला डिविजन है जिसे गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत यह दोहरी मान्यता प्राप्त हुई है। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए मालदह डीआरएम कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्लोवैल कंसलटेंट के वरिष्ठ सलाहकार अजीत कुमार ने औपचारिक रूप से प्रमाणपत्र मालदह के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता को सौंपा। अपने संबोधन में मनीष कुमार गुप्ता ने कहा, यह उपलब्धि दर्शाती है कि



एक साफ-सुथरा और व्यवस्थित कार्यस्थल न केवल कार्यक्षमता बढ़ाता है, बल्कि समय की भी बचत करता है। ऐसी व्यवस्था निरंतर सुधार और अनुशासन की संस्कृति को मजबूत करती है। इस समारोह में अतिरिक्त डीआरएम शिओ कुमार प्रसाद, वरिष्ठ पर्यावरण व हाउसकीपिंग प्रबंधक प्रदीप दास सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। यह उपलब्धि मालदह डिविजन की संचालन दक्षता, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और गुणवत्ता सेवा की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## नवद्वीप में गंगा किनारे से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** नवद्वीप में शुक्रवार को गंगा किनारे से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने काफी हंगामा मच गया। बताया गया है कि हर दिन की तरह शुक्रवार की सुबह भी नवद्वीप के मछुआरे अपनी नाव लेकर गंगा में मछली पकड़ने गए थे। उसी समय फोरेसडांगा इलाके में रेलवे पुल के नीचे नदी के किनारे व्यक्ति का शव पड़ा मिला। हालांकि, कोई उसे पहचान नहीं सका। खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते घाट पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस को सूचना दी गई। खबर मिलते ही नवद्वीप थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बताया जाता



है कि कुछ दिन पहले नवद्वीप के बरालघाट में एक व्यक्ति नाव से कूद गया था। माना जा रहा है कि इस दिन, बरामद शव वही व्यक्ति हो सकता है। हालांकि, शव सड़े-गले हालत में बरामद किया गया है। इसलिए इसे पहचानना बहुत कठिन है। पुलिस ने इलाके के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है।

## आसनसोल मंडल में विकास कार्य के कारण कुछ ट्रेनों का संचालन प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल में यात्री सुविधाओं के उन्नयन और विकास कार्यों के चलते 1 जून 2025 को जसीडीह और शंकरपुर स्टेशनों के बीच दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:30 बजे तक चार घंटे का ट्रैफिक और पावर ब्लॉक निर्धारित किया गया है। इस कारण, 63546 जसीडीह-आंडाल मेमू पूरी तरह से रद्द रहेगी। साथ ही, 63509/63510 बर्द्धमान-झाझा-वर्दवान मेमू को उस दिन आसनसोल स्टेशन पर ही शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, 12369 हावड़ा-देहरादून कुंभ एक्सप्रेस को 50 मिनट और 63564 जसीडीह-आसनसोल मेमू को 75 मिनट की देरी से रवाना किया जाएगा।

## उषा इंटरनेशनल ने लॉन्च किए तीन नए रसोई उपकरण, खाना पकाने को बनाया और भी आसान

**कोलकाता, समाज्ञा :** उपभोक्ता टिकाऊ उत्पादों की अग्रणी कंपनी उषा इंटरनेशनल ने भारतीय रसोई को और स्मार्ट और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से तीन नए रसोई उपकरण लॉन्च किए हैं। इनमें शामिल हैं – उषा 1200 डबल्यू एमजी (टर्बो एक्स) मिक्सर ग्राइंडर, उषा कोल्ट प्राइम मिक्सर ग्राइंडर, और उषा ओटीजी 20एल ओवन टोस्टर ग्रिलर। उषा टर्बो एक्स में 1200 डबल्यू की हेवी-ड्यूटी मोटर, क्लिप-लॉक जार, 24,000 आरपीएम की गति और 90 मिनट का रनटाइम है। कोल्ट प्राइम मिक्सर में 500डबल्यू मोटर और एर्गोनॉमिक डिजाइन है, जो दैनिक उपयोग के लिए उपयुक्त है। वहीं, उषा ओटीजी 20 एल बहुउपयोगी ओवन है जिसमें 6 कुकिंग मोड्स और रोटिसेरी फंक्शन जैसे फीचर्स हैं। उषा एप्लायंसेज के अध्यक्ष श्रीराम सुंदरसन ने कहा कि ये उत्पाद आधुनिक जीवनशैली की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर डिजाइन किए गए हैं। इन उपकरणों के जरिए उषा ब्रांड भारतीय उपभोक्ताओं को अधिक सक्षम और रसोई के अनुभव को आनंदमय बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## अमेजन की होम शॉपिंग स्प्री: 1 से 5 जून तक पाएं गर्मियों के लिए शानदार डील्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन 1 से 5 जून तक होम शॉपिंग स्प्री के तहत गर्मियों के लिए शानदार डील्स और कैशबैक ऑफर लेकर आया है। इस आयोजन में 750 से अधिक होम, किचन, आउटडोर और स्पोर्ट्स उत्पादों पर आकर्षक छूट दी जा रही है। ग्राहक नारवाल रोबोटिक वैक्यूम (22,990), एक्वागार्ड वॉटर प्यूरिफायर (9,999), और स्पाइनेक्स डेकोर वास (160) जैसे उत्पाद किफायती कीमतों पर खरीद सकते हैं। अमेजन पे के जरिए 1,200 या उससे अधिक की खरीदारी पर 150 तक 10% कैशबैक भी मिलेगा। बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा, फेडरल, एचएसबीसी, आईडीएफसी और यस बैंक से भुगतान पर अतिरिक्त 10% की इंस्टेंट छूट दी जा रही है। प्राइम सदस्य इस सेल में फ्री डिलीवरी, एक्सक्लूसिव ऑफर्स और 5% अनलिमिटेड कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं। अमेजन बिजनेस ग्राहक जीएसटी इनवॉइस के साथ अतिरिक्त बचत कर सकते हैं। गर्मियों को ठंडा और सुविधाजनक बनाने के लिए यह शॉपिंग अवसर खास है।

## कोलकाता नगर निगम को मिला नया अतिरिक्त आयुक्त

**कोलकाता :** कोलकाता नगर निगम के नए अतिरिक्त आयुक्त बनाए गए हैं सौम्य भट्टाचार्य। वे अब तक गृह एवं पर्वतीय मामलों के विभाग में विशेष सचिव के रूप में कार्यरत थे। शुक्रवार को निगम की ओर से अधिसूचना जारी कर यह जानकारी दी गई। वर्तमान अतिरिक्त आयुक्त प्रबलकांति माइती को गृह और पर्वतीय विभाग में विशेष सचिव नियुक्त किया गया है। इससे पहले माइती ने पुनर्वास विभाग में अतिरिक्त निदेशक के रूप में कार्य किया था। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तीन वर्षों से एक ही पद पर कार्यरत अधिकारियों का स्थानांतरण किया जा रहा है।

## कालिगंज उपचुनाव में 14 कंपनियां केंद्रीय बल की तैनाती होगी

**कालिगंज :** कालिगंज विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव के लिए चुनाव आयोग ने 14 कंपनियों की केंद्रीय बल की तैनाती का निर्णय लिया है। सूत्रों के अनुसार, यह बल अगले सप्ताह से तैनात होगा और आवश्यकता अनुसार इसकी संख्या बढ़ाई जा सकती है। 19 जून को होने वाले उपचुनाव की घोषणा विधायक नासिरुद्दीन अहमद के निधन के बाद की गई है।

## हिंदी पत्रकारिता के विकास के लिए हिंदीतरभाषियों ने अपनी हड्डियां गलाईं : प्रो. कृपाशंकर चौबे



**कोलकाता, समाज्ञा :** वरिष्ठ पत्रकार एवं महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. कृपाशंकर चौबे ने कहा है कि हिंदी पत्रकारिता के विकास के लिए अनेक हिंदीतरभाषियों ने अपनी हड्डियां गलाईं। प्रो. चौबे शुक्रवार की शाम हिंदी पत्रकारिता के दो सौवें वर्ष में प्रवेश करने पर विश्वभारती विश्वविद्यालय, शांतिनिकेतन के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में 'उदंत मार्तण्डः विऔपनिवेशीकरण का आख्यान' विषय पर विशेष व्याख्यान दे रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन विश्वभारती विश्वविद्यालय, शांतिनिकेतन के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग तथा इंडियन कम्युनिकेशन कांग्रेस ने संयुक्त रूप से किया था। प्रो. चौबे ने कहा कि आरंभ से लेकर आज तक पूर्वी भारत, मध्य भारत, उत्तर भारत, दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर भारत के अनेक हिंदीतरभाषियों ने हिंदी पत्रकारिता को सींचने का काम किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वभारती विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. रामेश्वर मिश्र ने की। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्रोफेसर तथा इंडियन कम्युनिकेशन कांग्रेस के अध्यक्ष प्रो. विप्लव लोहो चौधरी ने संचालन किया। पत्रकारिता व जनसंचार विभाग की प्रभारी डॉ. मौसमी भट्टाचार्य ने स्वागत भाषण किया।

# रूबी पार्क पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई परिणामों में दिखाई शानदार चमक



रोशन पाटी



सोहन सिकदार



दिलप्रीत कौर



ओइशी हलदर

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा 13 मई को घोषित कक्षा 10वीं और 12वीं के परिणामों में रूबी पार्क पब्लिक स्कूल, कोलकाता के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। कक्षा 10वीं में स्कूल ने 100% सफलता दर के साथ 86.79% का प्रभावशाली औसत प्राप्त किया। रोशन पाटी ने 97.6% अंक प्राप्त कर टॉप किया, वहीं सोहन सिकदार ने 97% के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। हिया चक्रवर्ती और विहान पासवान ने संयुक्त रूप से 96.8% अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान साझा किया। कक्षा 12वीं के परिणाम भी उतने ही सराहनीय रहे, जहां स्कूल का औसत 80.72% रहा। कॉमर्स स्ट्रीम में दिलप्रीत कौर ने 97.4% के साथ टॉप किया, जबकि चिरांशु शर्मा ने 96.8% अंक प्राप्त किए। साइंस स्ट्रीम में ओइशी हलदर ने 97% और जूही घोष ने 96.2% स्कोर किया। ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम में नैना सिंघल ने 95.8% और दर्शनी हलदर ने 95.4% अंक प्राप्त किए।

स्कूल की प्रधानाचार्या मौसमी महा-पात्रा ने कहा, ये शानदार परिणाम हमारे छात्रों की उत्कृष्टता की निरंतर कोशिश, समग्र दृष्टिकोण, आधुनिक शिक्षण-पद्धति और उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रमाण हैं। विद्यालय में ऐसा वातावरण तैयार किया गया है जो छात्रों के समग्र विकास, आनंद, समर्पण और अकादमिक अनुशासन को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने आगे कहा, विद्यालय इन सराहनीय उपलब्धियों पर छात्रों की मेहनत, शिक्षकों की दक्षता और अभिभावकों के भरोसे की खुले दिल से सराहना करता है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने कोलकाता में अपने पहले फिजिटल ब्रांच का किया उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** बैंक ऑफ बड़ौदा ने कोलकाता में अपने पहले फिजिटल ब्रांच का उद्घाटन किया। यह ब्रांच नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के परिसर में स्थित एनएसबी एयरपोर्ट ब्रांच में खोली गई है। यह कोलकाता जोन में बैंक की पहली और देशभर में सातवीं फिजिटल शाखा है। इस नई शाखा के माध्यम से बैंक ग्राहकों को सेल्फ-सर्विस कियोस्क, वीडियो कॉन्टैक्ट सेंटर और यूनिवर्सल सर्विस डेस्क जैसी आधुनिक सेवाएं प्रदान कर रहा है, जिससे डिजिटल और व्यक्तिगत सहायता का बेहतर समन्वय किया जा सके।

इस अवसर पर बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी देबदत्त चंद ने शाखा का उद्घाटन किया। उनके साथ संजय



तिवारी, महाप्रबंधक एवं कोलकाता जोन प्रमुख, संदीप कुमार, क्षेत्रीय प्रमुख सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और बैंक स्टाफ भी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान श्री चंद ने कहा, हमें कोलकाता में अपनी पहली फिजिटल शाखा का शुभारंभ करते हुए गर्व हो रहा है। यह अभिनव शाखा मॉडल ग्राहकों के अनुभव को एक नए स्तर पर ले जाने के हमारे प्रयासों का हिस्सा है। इस अवसर पर बैंक ने कोलकाता के केस्टोपुर क्षेत्र में अपना नया ई-लॉबी भी शुरू किया है। कोलकाता जोन, बैंक ऑफ बड़ौदा के लिए पश्चिम बंगाल में एक प्रमुख व्यवसायिक केंद्र है, जिसमें 4 क्षेत्रीय कार्यालय आते हैं और इसकी 258 शाखाओं का नेटवर्क है, जिनमें से 33% शाखाएं ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं।

## पूर्व रेलवे गर्मियों में चलाएगी तीन स्पेशल ट्रेनें, यात्रियों को मिलेंगी 28,600 अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए तीन विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। जिनसे कुल 28,600 अतिरिक्त बर्थ की व्यवस्था की जाएगी। इन ट्रेनों का संचालन हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी, हावड़ा-रक्सौल और मालदह टाउन-आनंद विहार मार्गों पर किया जाएगा। इसके तहत, हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी समर स्पेशल (03027/03028) ट्रेन 04 जून से 25 जून 2025 तक हर बुधवार रात 11:55 बजे हावड़ा से चलेगी और अगले दिन सुबह 10:45 बजे न्यू जलपाईगुड़ी पहुंचेगी। वापसी में न्यू जलपाईगुड़ी से हर गुरुवार दोपहर 12:45 बजे चलेगी और अगले दिन रात 12:10 बजे हावड़ा पहुंचेगी। हावड़ा-रक्सौल समर स्पेशल (03043/03044) ट्रेन 07 जून से 28 जून 2025 तक हर शनिवार रात 11:00 बजे हावड़ा से चलेगी और अगले दिन शाम 4:15 बजे रक्सौल पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन रक्सौल से हर रविवार शाम 5:30 बजे चलेगी और सोमवार सुबह 10:45 बजे हावड़ा पहुंचेगी। मालदह टाउन-आनंद विहार समर स्पेशल (03435/03436) ट्रेन 02 जून से 30 जून 2025 तक हर सोमवार सुबह 9:30 बजे मालदह टाउन से चलेगी और अगले दिन दोपहर 1:40 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन 03 जून से 01 जुलाई तक हर मंगलवार शाम 3:45 बजे आनंद विहार से रवाना होकर अगले दिन रात 9:05 बजे मालदह टाउन पहुंचेगी।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर हावड़ा मंडल का प्लास्टिक मुक्त भारत की ओर कदम

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें के अनुरूप मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के निर्देशन में बंडेल, वर्दवान, कटवा और अजीमगंज जैसे प्रमुख स्टेशनों पर विविध जागरूकता कार्यक्रम और सामुदायिक सहभागिता गतिविधियां आयोजित की। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य यात्रियों में पर्यावरणीय उत्त-रदायित्व की भावना को बढ़ावा देना था। स्टेशनों पर लगे पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से यात्रियों से अपील की गई कि वे यात्रा के दौरान अपने स्वयं के पुनः प्रयोज्य (रीयूजेबल) पानी की बोतलें लेकर चलें और एकल-उपयोग प्लास्टिक (सिंगल यूज प्लास्टिक) के उपयोग से बचें। घोषणाओं के माध्यम से प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों को रेखांकित किया गया और यात्रियों से



सहयोग की अपील की गई।

यात्रियों की प्रतिक्रियाओं को समझने और भविष्य की पहलों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए घो-षणाओं पर फीडबैक भी एकत्र किया गया। इसके अतिरिक्त, एनजीओ और अन्य संगठनों के सहयोग से स्टेशनों पर नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए, जिनमें प्लास्टिक प्रदूषण की भयावहता को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया और नागरिकों को सतत जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

इन प्रयासों के साथ-साथ अजीमगंज स्टेशन पर एक वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया। हावड़ा मंडल के इन समन्वित प्रयासों के माध्यम से भारतीय रेल की व्यापक पर्यावरणीय दृष्टि के अनुरूप प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण के निर्माण की दिशा में एक ठोस कदम उठाया गया है।

# पार्टी के निर्देश के बाद अनुब्रत ने अपनी 'अपमानजनक' भाषा के लिए मांगी माफी

- ❑ **तृणमूल नेता पर थानेदार को फोन पर धमकी व गाली-गलौज करने का आरोप**
- ❑ **भाजपा ने अनुब्रत मंडल की अविलंब गिरफ्तारी की मांग**
- ❑ **अनुब्रत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज, आज थाने में बुलाया गया**

**बीरभूम/कोलकाता :** बीरभूम जिले में तृणमूल कांग्रेस के दिग्गज नेता व मवेशी तस्करी मामले में जमानत पर बाहर चल रहे अनुब्रत मंडल पर बोलपुर थाने के थानेदार को फोन पर धमकी और गाली गलौज करने का आरोप लगा है। बातचीत का ऑडियो क्लिप शुक्रवार को सामने आने के बाद विपक्षी भाजपा व अन्य पार्टियां



सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर हमलावर हो गई है। प्रसारित ऑडियो क्लिप में अनुब्रत मंडल पुलिस अधिकारी को उसकी मां और पत्नी से दुष्कर्म करने तक की धमकी दे रहे हैं। इसमें कथित तौर पर अनुब्रत मंडल थानेदार पर पार्टी प्रतिद्वंद्वी काजल शेख का पक्ष लेने का आरोप लगाते हुए तथा उन्हें सबक सिखाने की धमकी देते हुए सुने जा रहे हैं। इस ऑडियो क्लिप को दिन में सबसे पहले केंद्रीय राज्यमंत्री व भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने एक्स पर साझा करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार से इसकी शीघ्र जांच व अविलंब गिरफ्तारी की मांग की। मजूमदार ने कहा कि जब कोई इस बातचीत को सुनेगा तो यह पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगा कि कैसे कुख्यात अपराधियों को, अडिग और बड़ी-बड़ी बात करने वाली मुख्यमंत्री द्वारा शरण दी जा रही है। इधर, आडियो सामने आने के बाद तृणमूल नेतृत्व ने पार्टी के वरिष्ठ नेता अनुब्रत मंडल द्वारा एक पुलिस अधिकारी के साथ फोन पर बातचीत के दौरान कथित रूप से अपमानजनक और गाली गलौज वाली भाषा का इस्तेमाल किए जाने की कड़ी निंदा की। तृणमूल ने इसी के साथ पार्टी की बीरभूम जिला इकाई के पूर्व अध्यक्ष मंडल को शुक्रवार को चार घंटे के भीतर बिना शर्त माफी मांगने का निर्देश दिया। साथ ही, यह चेतावनी भी दी कि अगर वह इसका पालन नहीं करते हैं तो कारण बताओ नोटिस जारी करने सहित अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। तृणमूल ने एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा कि पार्टी स्पष्ट रूप से मंडल द्वारा एक पुलिस अधिकारी के खिलाफ की गई टिप्पणियों से खुद को अलग करती है और उनका समर्थन नहीं करती। यह अस्वीकार्य है। पार्टी के सख्त रूख के बाद मंडल ने चार घंटे के भीतर लिखित माफी मांग ली।

❑ **कम की गई अनुब्रत मंडल की सुरक्षा**

इस बीच, राज्य सरकार ने मंडल की सुरक्षा में तैनात चार पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। साथ ही, उनके पांच हाउस स्टाफ को भी हटाया गया है। हालांकि, उन्हें मिली वाई कैटेगरी की सुरक्षा को बरकरार रखा गया है। वहीं, पुलिस ने इस मामले में मंडल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। साथ ही, उन्हें नोटिस भेजकर शनिवार को थाने में तलब किया गया है।

# आज बंगाल आएंगे गृह मंत्री अमित शाह, कल तीन कार्यक्रमों में होंगे शामिल

### पार्टी नेताओं के साथ करेंगे बैंठक, पार्टी नेताओं ने इंडोर स्टेडियम का लिया जायजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को बंगाल में जनसभा कर चुनावी शंखनाद कर दिया है। मोदी के बंगाल से जाने के महज दो दिन दिन के अंदर ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कोलकाता पहुंच रहे हैं। उनका शनिवार को कोलकाता आने का कार्यक्रम है। वे बाइपास स्थित एक होटल में ठहरेंगे। इसके बाद, एक जून यानी रविवार को उनके तीन कार्यक्रम हैं। इनमें से एक सरकारी कार्यक्रम है। वे राजरहाट-न्यूटाउन में केंद्रीय फोरेंसिक प्रयोगशाला के नए भवन का उद्घाटन करने वाले हैं। हालांकि, उनका एक राजनीतिक कार्यक्रम भी है। उनका राजनीतिक कार्यक्रम नेताजी इंडोर स्टेडियम में है। वहां वे पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं



के साथ बैठक करेंगे। वहां भाजपा का पूरा प्रदेश नेतृत्व से लेकर जिला,मंडल अध्यक्ष व मंडल पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। दोपहर में वे शिमला स्ट्रीट स्थित स्वामी विवेकानंद के पैतृक आवास पर भी जाएंगे। शाह का स्वामी जी के घर पर संत समाज के प्रतिनिधियों से मिलने का कार्यक्रम है। उसी दिन उनका दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है। अब देखना यह है कि शाह एक के बाद एक कार्यक्रमों से क्या संदेश देते हैं।

## तृणमूल की लीगल सेल की कमान अब चंद्रिमा भट्टाचार्य के हाथ में

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस ने अपनी लीगल सेल की नई चेयरपर्सन के रूप में राज्य की मंत्री और पार्टी की वरिष्ठ महिला नेता चंद्रिमा भट्टाचार्य को नियुक्त किया है। अब तक इस पद पर राज्य के मंत्री मलय घटक नियुक्त थे। शुक्रवार को पार्टी की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी गई। जल्द ही लीगल सेल की पूर्ण समिति बनाई जाएगी। समिति में किन नेताओं को शामिल किया जाएगा और क्या मलय घटक को इसमें रखा जाएगा, इस पर पार्टी के अंदर उत्सुकता बनी हुई है। हालांकि, मलय घटक को हटाने का कारण स्पष्ट नहीं किया गया है, लेकिन पार्टी के एक वर्ग का मानना है कि हाल के कुछ मामलों में उनके प्रदर्शन को लेकर सवाल उठे थे।

# मेयर ने नये कम्युनिटी हॉल व महिलाओं के लिए शौचालय का किया उद्घाटन

**कोलकाता :** महानगर के बोरो नंबर सात के अंतर्गत वार्ड 63 में कोलकाता नगर निगम की ओर से नये कम्युनिटी हॉल व महिलाओं के लिए शौचालय का निर्माण कराया गया है, जिसका उद्घाटन कोलकाता के मेयर व शहरी विकास मंत्री फिरहाद हकीम ने किया। बताया गया है कि मल्लिक बाजार क्रॉसिंग के पास बने शुभोनंदन कम्युनिटी हॉल व कोलकाता 10 दिगंत योजना के तहत मिर्जा गालिब स्ट्रीट में बनाये गये महिलाओं के लिए शौचालय पथक्षणिका का उद्घाटन किया गया। इस शुभोनंदन कम्युनिटी हॉल में ही निगम के बोरो नंबर सात का नया कार्यालय भी होगा।

इस मौके पर निगम की चेयरपर्सन




व सांसद माला राय, एमएमआइसी सपन समाद्दार, एमएमआइसी संदीप रंजन बख्शी, एमएमआईसी संदीपन साहा, बोरो सात की चेयरपर्सन व वार्ड 63 की पार्षद सुष्मिता भट्टाचार्य, पार्षद फैज अहमद ख़ान, पार्षद नबोदिता शर्मा, पार्षद बीजनलाल मुखर्जी, सहित निगम के अन्य अधिकारी व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# ठाकुरपुकुर से युवक का अपहरण, फिरौती में मांगे 10 लाख रुपये

❑ **पांच आरोपी गिरफ्तार, युवक सुरक्षित बरामद**

**कोलकाता :** ठाकुरपुकुर थाने में दर्ज एक मामले में एक 20 वर्षीय युवक के अपहरण और फिरौती मांगने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। यह मामला ठाकुरपुकुर थाने में केस नंबर 175/2025 के तहत 29 मई 2025 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 140(2)/3(5) के अंतर्गत दर्ज किया गया।

यह मामला उत्तम प्रधान (42 वर्ष), निवासी गांव अंडुलिया, थाना-महिषादल, जिला- पूर्व मेदिनीपुर तथा ठाकुरपुकुर, में रहने वाले व्यक्ति की शिकायत के आधार पर दर्ज हुआ। उन्होंने अपने पुत्र सौमेन प्रधान (20 वर्ष) के अपहरण



का आरोप लगाया। शिकायत में जिन लोगों को आरोपी बनाया गया है, वे हैं - विश्वजीत सिंहा, गौतम प्रधान, पायल प्रधान, भवानी सिंहा प्रधान, ये चारों पूर्व मेदिनीपुर के अंडुलिया गांव के निवासी हैं और शिकायतकर्ता के सहग्रामवासी हैं; तथा मिलन हाटी (40 वर्ष), निवासी नवापल्ली, 22 बीघा, थाना- हरिद-ेवपुर, जो कि एक ऑटो-रिक्शा चालक है।

मामले के अनुसार, 29 मई की सुबह लगभग 11:30 बजे, उपरोक्त पांचों आरोपी व्यक्तियों ने साझा आपराधिक मंशा के तहत सौमेन प्रधान का उनके ठाकुरपुकुर स्थित किराए के फ्लैट से अपहरण कर लिया। आरोपियों ने उसे एक ऑटो-रिक्शा में बिठाकर वहां से ले गए और बाद में शिकायतकर्ता की पत्नी के मोबाइल पर फोन कर पहले 10 लाख रुपये और फिर 6 लाख रुपये की फिरौती की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर फिरौती नहीं दी गई तो शिकायतकर्ता के बेटे की जान को गंभीर खतरा होगा।

पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में प्रयुक्त ऑटो-रिक्शा को भी जब्त किया गया है और शिकायतकर्ता के बेटे को आरोपियों की हिरासत से सकुशल मुक्त कराया गया है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि शिकायतकर्ता उत्तम प्रधान ने आरोपियों से कुछ समय पूर्व एक बड़ी राशि का ऋण लिया था जिसे उन्होंने वापस नहीं किया। इसी लेन-देन को लेकर आरोपियों ने पूर्व मेदिनीपुर जिले में खुद एक शिकायत भी दर्ज कराई थी।

फिलहाल सभी आरोपी पुलिस हिरासत में हैं और मामले की विस्तृत जांच जारी है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस अपहरण की योजना कितने समय से बनाई जा रही थी और इसमें और कौन-कौन शामिल हो सकता है।

# कांग्रेस ने वामदलों के समर्थन से कालीगंज में उम्मीदवार की घोषणा की

**कोलकाता, समाज्ञा :** कालीगंज उपचुनाव में माकपा-कांग्रेस गठबंधन में लड़ रहे हैं। माकपा के समर्थन से कांग्रेस ने शुक्रवार को अपने उम्मीदवार की घोषणा की। काबिलुद्दीन शेख 19 जून को कांग्रेस की ओर से चुनाव लड़ेंगे। बता दें कि वे 2021 के विधानसभा चुनाव में भी उम्मीदवार थे। इसी के आधार पर आरएसपी ने लिखित शर्तों के आधार पर कालीगंज सीट कांग्रेस के लिए छोड़ने पर सहमति जताई है। यह निर्णय लिया गया है कि कालीगंज उपचुनाव में लेफ्ट फ्रंट कांग्रेस उम्मीदवार काबिलुद्दीन का समर्थन करेगा। शुक्रवार को लेफ्ट फ्रंट की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। आरएसपी के राज्य सचिव तपन होर ने अपनी पुरानी सीट कांग्रेस के लिए छोड़ने का समर्थन किया है।



सीपीएम ने यह सीट कांग्रेस के लिए छोड़ने पर सहमति जताई है और इसकी जानकारी लेफ्ट सहयोगी दलों को दे दी गई है। सीपीएम ने तर्क दिया कि 2021 के चुनाव में कालीगंज में लेफ्ट-कांग्रेस गठबंधन था। तब वहां कांग्रेस उम्मीदवार जीता था। इसलिए इस बार भी यह सीट कांग्रेस के लिए छोड़ दी जानी चाहिए। और कांग्रेस ने भी घोषणा की थी कि वह इस सीट पर अपना उम्मीदवार उतारेगी। हालांकि, एएसपी ने सीपीएम को लिखित शर्त दी है कि वे उपचुनाव के कारण कालीगंज सीट कांग्रेस को दे रहे हैं। 2016 और 2021 में, आरएसपी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन के व्यापक हित में सीट छोड़ दी थी। लेकिन 2026 के विधानसभा चुनाव में यह सीट कांग्रेस को नहीं दी जाएगी। वहां केवल आरएसपी उम्मीदवार ही चुनाव लड़ेगा। यह आरएसपी की ओर से आज की बैठक में दी गई लिखित शर्त है। नतीजतन, हालांकि वाम मोर्चा की बैठक में सर्वसम्मति से कालीगंज उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार का समर्थन करने का फैसला किया गया।

# घर का किराया नहीं देने पर धनियाखाली में वृद्धा की हत्या, चार गिरफ्तार

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले में घर का किराया नहीं देने पर एक वृद्ध महिला की ईंट से सिर कुचलकर निर्मम तरीके से हत्या का मामला सामने आया है। घटना के सिलसिले में पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। यह घटना हुगली के धनियाखाली थाना क्षेत्र की है। वृद्ध महिला का शव उसके घर से लहूलुहान हालत में बरामद किया गया। मृतका का नाम जयाबती मुखोपाध्याय (76) है। वह अकेली रहती थीं। पता चला है कि गिरफ्तार किए गए चार युवकों में से एक वृद्ध महिला के घर किराया वसूलने गया था। युवक ने दावा किया कि वृद्ध महिला ने उसके साथ गाली-गलौज की और उसे भगा दिया। इससे गुस्से में आकर चारों युवकों ने 25 मई की देर रात वृद्ध महिला की ईंट से



कुचलकर हत्या कर दी। लहूलुहान हालत में महिला को अस्पताल ले जाने पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। धनियाखाली थाने की पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार लोगों ने हत्या की बात कबूल कर ली है। उनका दावा है कि वृद्ध महिला उनके साथ काफी दुर्व्यवहार करती थी। मकान का किराया नहीं मिलने से गुस्से में आकर उन्होंने उसकी हत्या कर दी। पुलिस जांच में जुटी है।

# भाजपा महिला मोर्चा के कर्मियों पर महिला पुलिस कर्मियों को जबरन सिंदूर लगाने का आरोप

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली के चुंचुड़ा में भाजपा महिला मोर्चा ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर एक कार्यक्रम के तहत कथित तौर पर महिलाओं को सिंदूर लगाया और देश के गौरव का गान किया। लेकिन मामला तब खबरों में आ गया जब भाजपा महिला मोर्चा की कर्मियों समर्थकों पर ड्यूटी में तैनात महिला पुलिस कर्मियों को वर्दी में ही सिंदूर लगा दिया। आरोप है कि उन्होंने महिला पुलिस कर्मियों को वर्दी में जबरन सिंदूर लगाया। भाजपा ने आरोप लगाया कि तृणमूल की मुखिया ने ऑपरेशन सिंदूर पर इस तरह हमला कर विवाहित महिलाओं के सिंदूर का अपमान किया है। इसके विरोध में महिला भाजपा



कार्यकर्ताओं ने चुंचुड़ा के पिपुलपाटी पंचमाथा चौराहे पर सड़क जाम कर दिया। सूचना मिलने पर भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस सड़क पर बैठी भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं को हटाने गई। आरोप है कि पुलिसक र्मियों को जबरन सिंदूर लगाने को कहा गया। उन्होंने माथे और गालों पर सिंदूर डाल दिया गया। महिला पुलिस कर्मियों ने इसका विरोध किया। इस पर, महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ वर्दीधारी महिला पुलिस के बीच बहस हो गई।

## भाजपा नेता कौस्तव बागची के खिलाफ एफआईआर दर्ज



**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा नेता कौस्तव बागची के खिलाफ टॉलीगंज थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि कौस्तव ने दीपक घोष की किताब का मुद्दा उठाकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर फिर हमला बोला है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। इसी के मद्देनजर टॉलीगंज थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और वरिष्ठ भाजपा नेता तथागत रॉय द्वारा मुख्यमंत्री पर किए जा रहे हमले की भी निंदा की गई है।

# दीघा जाते समय पर्यटकों की कार टोटो से टकराकर नहर में गिरी, कई घायल



**पूर्व मेदिनीपुर :** दीघा जाते समय पर्यटकों की एक कार टोटो से टकराकर नहर में जा गिरी। इस घटना में टोटो चालक, दो महिलाएं व एक बच्चा घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, यह घटना शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे दीघा-नंदकुमार 116बी राष्ट्रीय राजमार्ग पर नंदकुमार के शीतलपुर इलाके में हुआ। बताया गया है कि नंदकुमार थाना अंतर्गत शीतलपुर व बनभेरा इलाके में नंदकुमार की ओर जा रहे टोटो व पर्यटकों की कार में टक्कर हो गई। यह सड़क के किनारे नहर में जा गिरी। एक बस दीघा की ओर जा रही थी, जबकि दूसरी दिशा से पर्यटकों से भरी एक निजी कार व टोटो आ रही थी। जैसे ही बस गुजरने वाली थी, टोटो चालक ने नियंत्रण खो दिया। टोटो भी नहर में गिर गई। इस घटना में टोटो चालक, दो महिलाएं व एक बच्चा घायल हो गए।

# हुगली में बरामद बमों को किया गया निष्क्रिय, उत्तरपाड़ा में दहशत का माहौल

**हुगली :** उत्तरपाड़ा थाना क्षेत्र के कोतरंग धर्मतला इलाके में शुक्रवार दोपहर को पुलिस और राज्य खुफिया विभाग की बम स्काड टीम ने बरामद बमों को निष्क्रिय कर दिया। यह कार्रवाई गंगा नदी के किनारे, दमकल विभाग की मौजूदगी में पूरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ की गई। ये वही बम थे जिन्हें हाल ही में माखला इलाके में पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे पांच अपराधियों को आग्नेयास्त्र और बमों के साथ गिरफ्तार करने के दौरान बरामद किया था। चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी दी कि गुप्त सूचना के आधार पर माखला क्षेत्र में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान अपराधियों को धर दबोचा गया था। आज उन्हीं आरोपियों से बरामद




विस्फोटकों को निष्क्रिय किया गया। बम स्काड की इस कार्रवाई के दौरान इलाके में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। हालांकि, उत्तरपाड़ा में लगातार अपराधियों की गिरफ्तारी से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं और उत्तरपाड़ा धीरे-धीरे अपराधियों का अड्डा बनता जा रहा है। स्थानीय निवासियों ने पुलिस से माखला और उत्तरपाड़ा इलाके में स्थायी पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग की है, ताकि अपराध पर अंकुश लगाया जा सके और क्षेत्र में शांति बहाल हो।

# हुगली जिले के रिसड़ा में जर्जर इमारत ढहने से चार घायल, प्रशासन पर लापरवाही के आरोप

**हुगली :** हुगली जिले के रिसड़ा थाना क्षेत्र स्थित जीटी रोड पर आईसीआई बैंक के सामने एक जर्जर इमारत का हिस्सा ढहने से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब सड़क पर भारी भीड़ थी, जिससे और अधिक जनहानि का खतरा बढ़ गया था। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह इमारत लंबे समय से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में थी, लेकिन प्रशासन ने इसे खतरनाक घोषित करने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाए। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि समय रहते इस इमारत को खाली किया जाता तो यह हादसा टल सकता था।

उल्लेखनीय है कि यह इमारत कभी 'पूर्णम चटर्जी प्रसूता अस्प-ताल' के नाम से प्रसिद्ध थी, जहां 80-90 के दशक में प्रसव की सेवाएं प्रदान की जाती थीं। पूर्णम चटर्जी के निधन के बाद यह अस्पताल बंद हो गया और धीरे-धीरे जर्जर हो गया। अब यह स्थान वीरान पड़ा हुआ है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन ने इसे सुरक्षित घोषित कर वहां लोगों को रहने की अनुमति दी, जो कि एक गंभीर चूक है। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोग और समाजसेवी संगठन प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि इस घटना की निष्पक्ष जांच की जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

# शादी का झांसा देकर दिव्यांग महिला से दुष्कर्म, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

**कोलकाता, समाज्ञा**

शादी का झांसा देकर एक दिव्यांग महिला से कई बार दुष्कर्म का आर-ोप सामने आया है। आरोप है कि प्रेमजाल में फंसाकर महिला से हजारों रुपये ऐंठे गए। और जब महिला से शादी से करने इनकार किया गया तो वह न्याय की गुहार लेकर पुलिस का दरवाजा खटखटाया। यह सनसनीखेज घटना उत्तर 24 परगना के बनगांव में हुई। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि महिला दिव्यांग है। वह बनगांव थाने के नकफुल इलाके में रहती है। दो साल पहले महिला की मुलाकात बागदा थाने के हरिनाथपुर गांव निवासी बिष्णु दास उर्फ बिशु से मोबाइल फोन पर हुई। फोन पर बातचीत होती रही। धीरे-धीरे नजदीकियां बढ़ती गईं। दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए। एक समय पर युवक ने महिला से शादी का वादा किया। महिला ने उन बातों पर विश्वास कर लिया। उसके बाद, नजदीकियां और भी बढ़ने लगीं। इतना ही नहीं, उसने महिला को प्यार के जाल में फंसाकर उससे हजारों रुपये भी ऐंठ लिए। महिला ने आरोप लगाया कि युवक ने उससे कुल 30 हजार रुपये ऐंठ लिए हैं। महिला कई महीनों तक उस पर शादी का दबाव बनाती रही। शुरुआत में, युवक उसे टालता रहा। आरोप है कि जब उसने और दबाव डाला तो युवक ने महिला से शादी करने से इनकार कर दिया। इसके बाद, महिला ने पुलिस से गुहार लगाई। बनगांव थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# गृहमंत्रालय (राजभाषा) के उप निदेशक ने आरेडिका में किया राजभाषा कार्यों का निरीक्षण

**रायबरेली/कोलकाता :** गृह मंत्रालय (राजभाषा कार्यान्वयन) के उप निदेशक डॉ. छबिल कुमार मेहेर ने आज आरेडिका (रेलवे सुरक्षा बल अकादमी, दानापुर) में राजभाषा विभाग द्वारा किए गए कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने पिछले एक वर्ष में विभाग द्वारा की गई प्रगति, संसदीय निरीक्षण प्रश्नावली, हिंदी प्रशिक्षण रोस्टर, धारा 3(3) के आदेशों की गाइड फाइल, पत्राचार रजिस्टर, रबर की मोहरें, पत्रशीर्ष, प्रपत्र, लेखन सामग्री, नराकास की फाइल आदि का विस्तृत अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. मेहर ने आरेडिका में राजभाषा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की और कहा कि इस संस्थान की राजभाषा के प्रति प्रतिबद्धता अनुकरणीय है। उन्होंने सुझाव दिया कि हमें आम बोलचाल में अंग्रेजी शब्दों जैसे स्कूल, रिजर्वेशन,



लेट, ऑफिस के स्थान पर हिंदी शब्दों विद्यालय, आरक्षण, विलंब, कार्यालय का प्रयोग बढ़ाना चाहिए। इस अवसर पर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी रूपेश श्रीव-ास्तव के नेतृत्व में राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन ने एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से आरेडिका में राजभाषा के क्षेत्र में की गई विभिन्न पहलों की जानकारी दी। इसमें राजभाषा बैठकों का आयोजन, प्रगति पत्रिका का विमोचन, नायर में सहभागिता, कार्यालयीन व्याख्यान, काव्य पाठ, राजभाषा पखवाड़ा, पुस्तकालय गतिविधियां एवं नराकास (नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति) में भागीदारी आदि शामिल थे। इस निरीक्षण के दौरान महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चंद्र, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अष्टानंद पाठक, राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन सहित आरेडिका के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पार्टी के नाम पर घर बुलाकर नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, पांच युवक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला के हांसखाली थाना इलाके में पार्टी करने के नाम पर एक घर में बुलाकर नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोप से पांच युवकों को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि गत गुरुवार की रात एक नाबालिग लड़की ने हांसखाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। उसने दावा किया कि पांच युवकों ने बुधवार की रात उसे बोगुला इलाके में एक घर में बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और शुक्रवार तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में कुछ स्थानीय बेरोजगार युवक हैं, कुछ कॉलेज के छात्र हैं और कुछ पेशे से छोटे व्यवसायी हैं। इस बात की भी जांच की जा रही है कि घटना के वक्त घर में कोई और मौजूद था या नहीं। शुक्रवार को जब गिरफ्तार लोगों को रानाघाट उपजिला कोर्ट में पेश किया गया जज ने दो युवकों को पुलिस हिरासत में और बाकी तीन को 14 दिन की जेल भेजने का आदेश दिया। पुलिस ने बताया कि घटना वाली रात जिस घर में पार्टी चल रही थी, उसके मालिक से पूछताछ की जा रही है। आरोपियों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए हैं। वे जांच कर रहे हैं कि वीडियो, ऑडियो क्लिपिंग या मैसेज में कोई सबूत है या नहीं। पुलिस ने घर से सीसीटीवी फुटेज भी जुटाई है। जांचकर्ताओं ने बताया कि नाबालिग की मेडिकल जांच पूरी हो चुकी है और रिपोर्ट आने के बाद मामला और मजबूत होगा।

## भारतीय जीवन बीमा निगम को मिला बीएसआई से व्यवसाय निरंतरता प्रबंधन प्रणाली प्रमाणपत्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय जीवन बीमा निगम को ब्रिटिश स्टैंडर्ड्स इंस्टीट्यूशन से आईएसओ 22301:2019 व्यवसाय निरंतरता प्रबंधन प्रणाली प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है। यह प्रमाणपत्र एलआईसी की संचालन क्षमता, व्यवसाय निरंतरता योजना और जोखिम प्रबंधन क्षमताओं को वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप मान्यता प्रदान करता है। एलआईसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ मोहंती ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, हमारे ग्राहकों और अन्य हितधारकों का विश्वास हमारे लिए सर्वोपरि है। यह प्रमाणपत्र हमारे व्यवसाय निरंतरता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है और एलआईसी में विश्वास को और मजबूत करता है। एलआईसी के प्रबंध निदेशक टेबलेश पांडे ने कहा, सुरक्षा और लच-ीलापन हमेशा एलआईसी की संचालन नीति का केंद्र रहे हैं।

# 'परिवारवादी सरकारों' की कमियों से तरक्की की दौड़ में पिछड़ा उत्तर प्रदेश : प्रधानमंत्री मोदी

## प्रधानमंत्री मोदी ने 47,600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

**कानपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकारों पर राज्य के औद्योगिक विकास की जरुरतों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कहा कि 'परिवारवादी सरकारों' की अनदेखी की वजह से न सिर्फ कानपुर, बल्कि पूरा उत्तर प्रदेश तरक्की की दौड़ में पिछड़ गया। मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासन में अब उत्तर प्रदेश आधुनिक मूलभूत ढांचे और कनेक्टिविटी के मामले में बहुत आगे निकल गया है, जिस उत्तर प्रदेश की पहचान टूटी-फूटी सड़कों और गड्ढों से होती थी वह अब एक्सप्रेसवे के नेटवर्क के लिए जाना जाता है। प्रधानमंत्री ने कानपुर में 47 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास




परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद अपने संबोधन में कहा, 'उत्तर प्रदेश और कानपुर को विकास की नयी ऊंचाइयों पर लेकर जाना हमारी 'डबल इंजन' सरकार की पहली प्राथमिकता है। यह तभी होगा, जब यहां पर उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा जब कानपुर का पुराना गौरव फिर से लौटेगा।' मोदी ने राज्य की पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा,'पिछली सरकारों ने आधुनिक उद्योगों की जरूरतों को नजरअंदाज करके रखा था। कानपुर से उद्योगों का पलायन होता गया। परिवारवादी सरकारें आंख बंद करके बैठी रहीं। नतीजा यह हुआ कि केवल कानपुर ही नहीं बल्कि पूरा उत्तर प्रदेश पीछे हो गया।'' उन्होंने कहा, ''राज्य की औद्योगिक प्रगति के लिए दो सबसे जरूरी शर्तें है। पहली, ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और दूसरी, अवसंरचना और कनेक्टिविटी। आज यहां 660 मेगावाट के पनकी ऊर्जा संयंत्र, 660 मेगावाट के नेवेली ऊर्जा संयंत्र, 1320 मेगावाट के जवाहरपुर ऊर्जा संयंत्र, 660 मेगावाट के ओबरा सी ऊर्जा संयंत्र और 660 मेगावाट के खुर्जा ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण हुआ है। यह उत्तर प्रदेश की ऊर्जा जरुरत को पूरा करने के लिए बहुत बड़ा कदम है। इन ऊर्जा संयंत्रों के बाद उत्तर प्रदेश में बिजली की उप-लब्धता और बढ़ेगी।

### कांग्रेस, राजद ने सामाजिक न्याय की आड़ में एससी, एसटी, ओबीसी को धोखा दिया: मोदी



**प्रधानमंत्री ने बिहार के काराकाट में 48,520 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन किया**

**काराकाट (बिहार) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर सामाजिक न्याय की आड़ में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लोगों को धोखा देने का शुक्रवार को आरोप लगाते हुए कहा कि 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) गठबंधन के ये घटक अब बिहार में ''फिर से सत्ता हथियाने की कोशिश कर रहे हैं।' बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। प्रधानमंत्री ने रोहतास जिले के काराकाट में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और उनके परिवार ने राज्य में अपने पूर्व शासन के दौरान लोगों से उनकी जमीन छीन ली थी। प्रधानमंत्री ने कहा, 'कांग्रेस और राजद के नेताओं ने सामाजिक न्याय की आड़ में एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों को सिर्फ धोखा दिया। वे आज गरीबों की दुर्दशा के लिए जिम्मेदार हैं... अब इन दलों के नेता फिर से सत्ता हथियाने की कोशिश कर रहे हैं।'' मोदी ने राजद सुप्रीमो पर निशाना साधते हुए कहा, 'उन्होंने और उनके परिवार ने बिहार में राजद शासन के दौरान गरीब लोगों से जमीन छीन ली। उन्होंने गरीबों की बेहतरी के बारे में कभी नहीं सोचा। वह जंगल राज था...मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के समग्र विकास के लिए बहुत कुछ किया। हम विकसित बिहार के बिना विकसित भारत की कल्पना नहीं कर सकते।'

## न्यूज इन ब्रीफ

### बिहार दौरे में प्रधानमंत्री मोदी को जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**भागलपुर (बिहार) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार के दो दिवसीय दौरे में उन्हें जान से मारने की धमकी देने के आरोप में बिहार के भागलपुर जिले से 35 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक बयान में बताया गया कि आरोपी को बृहस्पतिवार शाम को सुलतानगंज पुलिस थाना क्षेत्र में महेशी गांव से गिरफ्तार किया गया। प्रधानमंत्री बिहार के दो दिवसीय दौरे पर बृहस्पतिवार को पटना पहुंचे थे। पुलिस के बयान में कहा गया है, ''भागलपुर से सुरक्षा एजेंसियों को 'व्हाट्सऐप' के जरिए एक कॉल किया गया था, जिसमें प्रधानमंत्री को उनकी बिहार यात्रा के दौरान जान से मारने की धमकी दी गई थी। बृहस्पतिवार को आए धमकी भरे इस कॉल के बारे में भागलपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को सूचित किया गया और मामले की जांच के लिए एक टीम गठित की गई।'

### जयपुर के अदालत परिसरों में विस्फोटक रखे होने की धमकी झूठी निकली

**जयपुर :** राजस्थान के जयपुर जिले के दो अदालत परिसरों में विस्फोटक रखे होने का धमकी झूठी निकली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद अदालत परिसरों की गहन जांच की गई लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस ने बताया कि जयपुर मेट्रो कोर्ट (आई) की ईमेल आईडी पर शुक्रवार तड़के अदालत परिसर में विस्फोटक रखे होने की धमकी मिली, जिसके बाद पुलिस टीमें, बम निरोधक दस्ता और श्वान दस्ता तुरंत बनीपार्क स्थित जयपुर मेट्रो कोर्ट (आई) और ज्योति नगर स्थित कुटुम्ब अदालत परिसर पहुंचे तथा गहन जांच की। पुलिस के मुताबिक, हालांकि जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला जिसके बाद परिसर को नियमित काम के लिए खोल दिया गया।

### देवरिया में मोबाइल फोन विक्रेता ने की आत्महत्या

**देवरिया :** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में 35 वर्षीय मोबाइल फोन विक्रेता ने शुक्रवार को अपने किराए के मकान में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान रामपुर बुजुर्ग गांव निवासी अजीत शाह के रूप में हुई है। वह अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ सलेमपुर कस्बे के सलाहाबाद मोहल्ले में किराए के मकान में रह रहा था। परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया है कि अजीत ने करीब डेढ़ साल पहले सलाहाबाद में एक प्लॉट खरीदा था। हालांकि, जमीन औपचारिक रूप से उसके नाम पर पंजीकृत थी, लेकिन विक्रेता कथित तौर पर कब्जा सौंपने के नाम पर अतिरिक्त पैसे की मांग करता रहा, जबकि अजीत पहले ही लाखों रुपये का भुगतान कर चुका था। अजीत के परिवार ने दावा किया कि इस दबाव और वित्तीय तनाव ने उसे परेशान कर दिया था। यह घटना शुक्रवार सुबह करीब 9:00 बजे हुई। परिवार के अनुसार, अजीत बाहर से घर लौटा और आराम करने के लिए अपने कमरे में चला गया। बाद में जब उसकी पत्नी उसे बुलाने गई तो उसने देखा कि वह पंखे से लटका हुआ है।

## एनएचएआई की जमीन पर अतिक्रमण करके उसे किराए पर देने पर उच्च न्यायालय ने आश्चर्य जताया

**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सहारनपुर में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनए-चएआई) की जमीन पर वक्फ मदरसा कासिम उल उलूम द्वारा निर्माण कराकर उसे किराए पर देने पर आश्चर्य व्यक्त किया है। यह बताए जाने पर कि याचिकाकर्ता वक्फ ने एनएचएआई की भूमि पर अतिक्रमण किया है, न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने वक्फ की याचिका खारिज कर दी। अदालत ने इस मामले को एक अनुठा मामला बताया, जहां एनएचएआई की जमीन पर अतिक्रमण करके मदरसा, मस्जिद और कुछ अन्य निर्माण किए गए और इस संपत्ति के वक्फ संपत्ति होने का दावा किया जा रहा है। वक्फ ने विवादित संपत्ति को ध्वस्त करने से प्रतिवादियों को रोकने और किसी नए निर्माण पर रोक लगाने की मांग करते हुए यह याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि उस जमीन पर एक मदरसा, मस्जिद और एक पुलिस चौकी पहले से मौजूद थी। याचिकाकर्ता के इस दावे के संबंध में कि वह भूमि वक्फ की संपत्ति है, प्रतिवादियों ने कहा कि यह संपत्ति वक्फ के तौर पर वक्फ बोर्ड में पंजीकृत नहीं है। प्रतिवादियों ने मामले में एक संशोधन याचिका दायर की, जिसे निचली अदालत ने स्वीकार कर लिया। इसके खिलाफ याचिकाकर्ता ने पुनरीक्षण याचिका दायर की, जो खारिज कर दी गई। इसके बाद, याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय का रुख करते हुए कहा कि संशोधन की याचिका स्वीकार नहीं की जा सकती क्योंकि प्रतिवादी इसके जरिये एक नया वाद खड़ा कर रहे हैं। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता ने किसी भी स्तर पर वक्फ का पंजीकरण नहीं दिखाया और यह नहीं बताया कि कैसे वह संपत्ति, वक्फ अधिनियम, 1995 के तहत वक्फ संपत्ति है।

## आत्मनिर्भर भारत की सफलता का एक बेहतरीन उदाहरण है 'ऑपरेशन सिंदूर' : योगी आदित्यनाथ

**कानपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को दुनिया को 'मेक इन इंडिया' की ताकत का एहसास कराने का जरिया बताते हुए शुक्रवार को कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत की सफलता का एक बेहतरीन उदाहरण है। आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कानपुर में 47,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर अपने संबोधन में कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुश्मन की वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट करके भारत की सेना ने शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया और भारत की सुरक्षा को पुष्ट करने का उदाहरण प्रस्तुत किया। यह प्रधानमंत्री द्वारा 10 वर्ष पूर्व प्रारंभ



किए गए 'मेक इन इंडिया' की उस ताकत का भी एहसास दुनिया को कराता है। उन्होंने कहा, जो इस बार ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया ने देखा है, यह आत्मनिर्भर भारत की सफलता का भी एक बेहतरीन उदाहरण है। आदित्यनाथ ने कहा, देश की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दुश्मनों को वह जिस भाषा में समझे, उसी भाषा में पहले सर्जिकल स्ट्राइक के माध्यम से, फिर एयर स्ट्राइक के माध्यम से और अब ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से जवाब दिया गया। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में भारत की सेना के शौर्य और पराक्रम के कारण आज पूरी दुनिया भारत के शक्ति और सामर्थ्य को एक उदाहरण के रूप में मान रही है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री का यह कथन कि ऑपरेशन सिंदूर न्याय का एक अटूट संकल्प है, यह हर भारतीय की दिल की भावना और देश के दृढ़ निश्चय को भी दर्शाता है।

## न्यूज अपडेट

### राजस्थान : एसडीएम को थप्पड़ मारने के मामले में नरेश मीणा को जमानत

**जयपुर :** राजस्थान उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को थप्पड़ मारने के मामले में गिरफ्तार नरेश मीणा को जमानत दे दी है। हालांकि, एक अन्य मामले के चलते अभी उन्हें जेल में ही रहना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले साल नवंबर में टोंक जिले में देवली-उनियारा विधानसभा उपचुनाव के दौरान यह घटना हुई थी। नरेश मीणा ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर उपचुनाव लड़ा था और 13 नवंबर को मतदान के दिन एसडीएम पर ग्रामीणों को वोट देने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाते हुए उन्हें थप्पड़ मार दिया था। यह घटना समरावता गांव में हुई जहां ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया था और नरेश उनका समर्थन कर रहे थे। स्थानीय अदालत ने इस मामले में नरेश की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। यह मामला नगरफोर्ट थाने में दर्ज किया गया था जिसमें पुलिस पहले ही आरोप पत्र दाखिल कर चुकी है। उच्च न्यायालय में जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान दलील दी गई कि मामला राजनीति से प्रेरित है। न्यायमूर्ति अनिल कुमार उपमन की एकल पीठ ने नरेश मीणा की जमानत याचिका स्वीकार कर ली।

### झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में आईईडी विस्फोट में सुरक्षा कर्मी मामूली रूप से घायल

**चाईबासा (झारखंड) :** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में शुक्रवार को नक्सल विरोधी अभियान के दौरान एक आईईडी में हुए विस्फोट में एक सुरक्षाकर्मी मामूली रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) द्वारा जराइकेला पुलिस थाने के अंतर्गत तिरिपोसी गांव के निकट जंगल में लगाये गये 'संवर्धित विस्फोटक उपकरण' (आईईडी) में सुरक्षाबलों के तलाशी अभियान के दौरान विस्फोट हो गया। नक्सलियों ने यह आईईडी सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिये लगाया था। यह विस्फोट माओवादियों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), कोबरा, झारखंड जगुआर और जिला सशस्त्र पुलिस के जवानों की एक संयुक्त टीम के बीच मुठभेड़ के तुरंत बाद हुआ। जिला पुलिस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि विस्फोट में घायल कोबरा बल की 209 बटालियन के जवान सुनील कुमार को अस्पताल ले जाने से पहले घटनास्थल पर ही प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की गई। बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से विस्फोटक और दैनिक उपयोग की वस्तुएं जब्त कीं।

### बठिंडा में 80,000 लीटर इथेनॉल जब्त, अवैध शराब पर कार्रवाई में आठ लोग गिरफ्तार: पंजाब सरकार

**चंडीगढ़ :** आबकारी विभाग ने बठिंडा में रातभर छापेमारी करके दो ट्रकों से लगभग 80,000 लीटर इथेनॉल जब्त किया तथा अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। पंजाब के वित्त एवं आबकारी मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इथेनॉल ले जा रहे ट्रकों पर गुजरात का पंजीकरण नंबर अंकित था, जिससे पता चलता है कि खेप गुजरात से आई थी। एक बयान के अनुसार चीमा ने कहा कि इसके अतिरिक्त विभाग ने मामले से जुड़ी दो कारें और एक एसयूवी भी जब्त कर ली है। इसमें कहा गया कि आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उन पर कानून के कड़े प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसमें आजीवन कारावास की सजा भी हो सकती है। गिरफ्तार लोगों में बठिंडा के चार, उत्तर प्रदेश के दो और नेपाल के दो लोग हैं। उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग और पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के मुद्दों पर साधी चुप्पी : तेजस्वी

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद)के नेता तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दो दिवसीय बिहार दौरे के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य सहित राज्य को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर चुप्पी साधे रखी। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी इस समय कोलकाता में हैं, जहां उनकी पत्नी ने इस सप्ताह के प्रारंभ में अपने दूसरे बच्चे को जन्म दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये प्रधानमंत्री की आलोचना की। तेजस्वी ने चेहरे पर मास्क लगाए प्रधानमंत्री मोदी की एक तस्वीर 'एक्स' पर साझा करते हुए लिखा, 'मुंह खुला ही नहीं।' उन्होंने नीतीश कुमार के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य सहित कई अहम मुद्दों पर कथित तौर पर



टिप्पणी नहीं करने को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा। बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले नीतीश कुमार पर सार्वजनिक रूप से असहज व्यवहार करने के कारण उनके 'शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ' होने के आरोप लग रहे हैं। तेजस्वी ने कहा कि राजग ने 20 वर्ष में बिहार को रिकार्ड तोड़ बेरोजगारी, गरीबी और पलायन दिया है। 'नीति आयोग के अनुसार शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग क्षेत्र में बिहार सबसे फिसड्डी है। विधि व्यवस्था सबसे बदतर है। बिहार की प्रति व्यक्ति आय और प्रति व्यक्ति निवेश देश में सबसे कम है।' उन्होंने कहा, 'विकास और प्रगति के अधिकांश मानकों में देश में बिहार सबसे नीचे है लेकिन बिहार की 20 वर्षों की राजग सरकार और 11 वर्षों की केंद्र सरकार जनहित के इन ज्वलंत मुद्दों पर कभी चर्चा ही नहीं करती और न ही करना चाहती है।' विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, 'प्रधानमंत्री जी केवल चुनावी वर्ष में बिहार का दौरा कर 2015 से चलती आ रही परियोजनाओं एवं घोषणाओं का अनेक बार शिलान्यास और उद्घाटन कर उसी को बारम्बार दोहराते रहते है। 2015 से यही सिलसिला चलता आ रहा है।

## सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर मोबाइल फोन की रोशनी में हुआ चार महिलाओं का प्रसव : जांच के आदेश

**बलिया (उप्र) :** बलिया जिले के बेरूआरबारी स्थित सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर चार महिलाओं का प्रसव मोबाइल फोन की रोशनी में कराने का मामला सामने आने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजीव वर्मन ने शुक्रवार को संवाददाताओं को बताया कि समाचार माध्यमों के जरिए ऐसी सूचना प्राप्त हुई है कि बेरूआरबारी स्थित सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर सोमवार की रात स्वास्थ्य केंद्र में चार गर्भवती महिलाओं का प्रसव मोबाइल फोन की रोशनी में कराया गया। वर्मन ने बताया कि ऐसा पता चला है कि जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर स्थित बेरूआरबारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का विद्युत ट्रांसफार्मर तीन दिन पहले जल जाने के कारण ऐसा किया गया। हालांकि स्वास्थ्य केंद्र पर जेनरेटर और डीजल उपलब्ध था । उन्होंने बताया कि मामला सामने आने के बाद उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है।

## राजस्थान में अगले सप्ताह आंधी चलने व बारिश होने का अनुमान

**जयपुर :** एक नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजस्थान के कई हिस्सों में अगले सप्ताह आंधी चलने व बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। राज्य में शुक्रवार को अधिकतम तापमान जैसलमेर में 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जयपुर के मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 31 मई से एक जून के दौरान आंधी बारिश की गतिविधियों में कमी होने तथा पूर्वी राजस्थान में छिटपुट स्थानों पर आंधी बारिश दर्ज होने की संभावना है। हालांकि, अगले सप्ताह यानी दो जून से फिर एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने और 2-4 जून के दौरान दोपहर बाद गरज के साथ बौछारें पड़ने, 50-60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने तथा बारिश



होने की प्रबल संभावना है। आगामी 4-5 दिन अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहेगा। वहीं, शुक्रवार को दिन में अधिकतम तापमान जैसलमेर में 43.6 डिग्री सेल्सियस, गंगानगर में 42.4 डिग्री, बीकानेर में 42.2 डिग्री, बाड़मेर में 41.4 डिग्री, जोधपुर में 40.4 डिग्री व फलोदी में 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## ताजमहल की सुरक्षा के लिए 'एंटी-ड्रोन सिस्टम' तैनात



**आगरा (उप्र) :** अद्भुत स्मारक ताजमहल के आसपास सुरक्षा बढ़ाने के लिए 'एंटी-ड्रोन सिस्टम' तैनात किया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त (ताज सुरक्षा) सैयद अरीब अहमद ने शुक्रवार को बताया कि यह सिस्टम ताजमहल परिसर में लगाया गया है और यह प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने वाले किसी भी ड्रोन को निष्क्रिय करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि स्मारक के चारों ओर 500 मीटर के दायरे में निगरानी रखी जाएगी और इस सीमा में पाए जाने वाले किसी भी ड्रोन को तुरंत निष्क्रिय कर दिया जाएगा। अहमद ने बताया, यह सिस्टम आठ किलोमीटर के दायरे में ड्रोन को निष्क्रिय करने में सक्षम है, लेकिन ताजमहल की सुरक्षा संवेदनशीलता को देखते हुए, निगरानी को शुरू में 500 मीटर की परिधि तक सीमित रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस सिस्टम में ड्रोन को निष्क्रिय करने के लिए 'रेडियो फ्रीक्वेंसी' और 'जीप-ीएस सिग्नल जैमिंग' तकनीक का उपयोग किया जाता है। अधिकारी ने बताया कि इस प्रणाली के तहत ड्रोन को नीचे लाए जाने के बाद, डिवाइस को सुरक्षित करने के लिए एक त्वरित प्रतिक्रिया टीम स्थान पर पहुंचेगी और ड्रोन चलाने वाले व्यक्ति का भी पता लगाएगी।

## खेल प्रतियोगियों में पुरस्कार वितरण



**मधुबनी, समाज्ञा :** मधुबनी जिला अंतर्गत बभनीपट्टी उच्च विद्यालय में सभी खेल प्रतियोगियों को पुरस्कार दिया गया। इस कार्यक्रम में मुखिया सुरेश कामत, उप मुखिया भाई सच्चिदानंद, भाई अवधेश, नागेन्द्र भाई जिन्होंने विकास की गति को बढ़ावा दिया। धन्यावाद ज्ञापन भाई नरेश ने किया। लक्ष्मण ठाकुर के सपनों को साकार होते देख संजय ठाकुर ने कुछ अच्छा होने की संभावना जतायी।

## गाजियाबाद में कांस्टेबल की हत्या, पुलिस कार्रवाई के बाद गांव में दहशत, अधिकांश दुकानें बंद

**गाजियाबाद :** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के नाहल गांव में कांस्टेबल की हत्या के बाद शुक्रवार को तनावपूर्ण माहौल रहा और सन्नाटा छाया रहा, क्योंकि अधिकांश बाजार बंद रहे और कभी भीड़भाड़ वाली मस्जिदें लगभग खाली रहीं। गर्मी के दिनों में शुक्रवार की सामान्य चहल-पहल के बाद भय और अनिश्चितता का माहौल था, क्योंकि रविवार रात को ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल की हत्या के बाद पुलिस ने अपनी कार्रवाई जारी रखी। गाजियाबाद के मसूरी इलाके में स्थित नाहल गांव इस सप्ताह की शुरुआत में तब चर्चा में आया, जब गौतम बुद्ध नगर पुलिस से जुड़े कांस्टेबल सौरभ कुमार देशवाल (28) की एक अपराधी को गिरफ्तार करने के लिए की गई छापेमारी के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद पूरे इलाके में पुलिस की सक्रियता बढ़ गई है। पुलिस का कहना है कि वे केवल नामजद संदिग्धों को ही निशाना बना रहे हैं, जबकि ग्रामीणों का दावा है कि निर्दोष लोगों को जाल में फंसाया जा रहा है। शुक्रवार को लगभग 40,000 निवासियों वाले गांव नाहल में, जहां आमतौर पर 28 मस्जिदें 'जुम्मे की नमाज' के लिए नमाजियों से भरी होती हैं, आज दोपहर प्रत्येक मस्जिद में केवल पांच से 10 लोगों ने नमाज अदा की। दुकानों में भी दहशत का माहौल देखने को मिला - सिगरेट और जरूरी सामान बेचने वाली सड़क किनारे की कुछ ही दुकानें ही खुली थीं, जबकि बाकी पूरी तरह बंद रहीं। गांव के मुखिया हाजी तसव्वुर अली ने कहा, ''हमारे 90 प्रतिशत लोग पास के गांवों में रिश्तेदारों के पास रहने चले गए हैं। पुलिस के सायरन रात भर बजते रहे। लोगों को डर है कि कहीं उन्हें उठा न लिया जाए या उन्हें परेशान न किया जाए।'' कांस्टेबल सौरभ देशवाल की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी कादिर के भाई आदिल की गिरफ्तारी के बाद यह बेचैनी है। आदिल को बृहस्पतिवार को वेव सिटी पुलिस के साथ एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया था। कांस्टेबल देशवाल की हत्या के बाद से गाजियाबाद पुलिस द्वारा की गई छठी मुठभेड़ में आदिल की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस ने अब तक इस सिलसिले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने रविवार रात पुलिस टीम पर हमला किया था। उस रात पड़ोसी जिले गौतमबुद्ध नगर के फेज-3 थाने की एक टीम कुख्यात अपराधी कादिर की तलाश में नाहल गांव में घुसी थी।

## सुरक्षित और सुविधायुक्त परिवहन राज्य सरकार की प्राथमिकता: मुख्यमंत्री शर्मा

**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार परिवहन व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, सुरक्षित एवं सुविधायुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए लक्ष्य निर्धारित करके कार्य योजनाओं पर काम किया जा रहा है। शर्मा परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग तथा रोडवेज की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में शर्मा ने रोडवेज बसों में बेहतर सुविधाएं देने पर जोर देते हुए कहा कि राजस्थान रोडवेज की बसों में ऐसी सुविधाएं उपलब्ध कराएं, जिससे कार वाले भी बसों में यात्रा के लिए प्रेरित हों। आधिकारिक बयान के अनुसार उन्होंने रोडवेज चालक,



परिचालक सहित सभी कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण सेमिनार आयोजित कराने के निर्देश दिए। शर्मा ने पद दुरूपयोग करने वाले कार्मिकों, ओव-रलोड और ओवरस्पीड वाहन चालकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई और निगरानी के निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि सड़क सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी को परिवहन नियमों की पालना करनी चाहिए, तभी सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

# रोहित का बल्ला चला, गुजरात को हराकर मुंबई इंडियंस आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर में



**मुल्लांपुर :** बड़े मैचों का दबाव झेलने में माहिर मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा और जॉनी बेयरस्टो की आक्रामक पारियों के दम पर गुजरात टाइटंस को शुक्रवार को आईपीएल एलिमिनेटर में 20 रन से हराकर दूसरे क्वालीफायर में जगह बना ली। अब मुंबई का सामना रविवार को पंजाब किंग्स से होगा जिसमे जीतने वाली टीम तीन जून को अहमदाबाद में फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से खेलेगी। मुंबई ने रोहित (50 गेंद में 81) और बेयरस्टो (22 गेंद में 47) की पारियों के दम पर पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 228 रन बनाये। जवाब में आईपीएल के इस सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले साइ सुदर्शन के 49 गेंद में 80 रन के बावजूद गुजरात की टीम छह विकेट पर 208 रन ही बना सकी और टूर्नामेंट से बाहर हो गई। गुजरात ने 16वें ओवर तक मैच अपनी जद से निकलने नहीं दिया लेकिन सुदर्शन के विकेट के बाद मुंबई ने शिकंजा कस लिया। जसप्रीत बुमराह ने अपने चिर परिचित यॉर्कर पर वॉशिंगटन सुंदर (24 गेंद में 48 रन) को बोल्ड किया। इसके बाद रिचर्ड ग्लीसन की गेंद पर स्कूप शॉट खेलने के प्रयास में सुदर्शन चूके और उनका स्टम्प उखड़ गया। गुजरात को आखिरी दो ओवर में 36 रन चाहिये थे और दो खब्बू बल्लेबाज राहुल तेवतिया और शेरफान रदरफोर्ड क्रीज पर थे। आखिरी ओवर में 24 रन की जरूरत थी और मुंबई के लिये इस मैच के जरिये पदार्पण करने वाले ग्लीसन ने तीन ही रन दिये। इससे पहले गुजरात की फील्डिंग भी बहुत ही लचर रही और उसने तीन अहम कैच टपकाये जिनमें से दो रोहित के और एक सूर्यकुमार यादव (20 गेंद में 33 रन) के थे। रोहित को पावरप्ले में दो जीवनदान मिले जिसका उन्होंने भरपूर फायदा उठाया। पहले गेराल्ड कोएत्जी ने डीप में उनका कैच छोड़ा और फिर गुजरात के लिये पदार्पण करने वाले कुसल मेंडिस ने मोहम्मद सिराज की गेंद पर विकेट के पीछे कैच टपकाया। बेयरस्टो (22 गेंद में 47 रन) ने पावरप्ले में आक्रामक खेलते हुए मुंबई को शानदार शुरूआत दी। इंग्लैंड टीम से बाहर इस बल्लेबाज ने हाल ही में यॉर्कशर के लिये काउंटी क्रिकेट में लगातार दो अर्धशतक लगाये हैं। वह इस मैच से ही मुंबई टीम से जुड़े हैं। पावरप्ले में स्पिनर साइ किशोर के आने पर रोहित ने भी हाथ खोलने शुरू किये। मुंबई के पूर्व कप्तान ने दो चौके और एक छक्का लगाकर टीम को छठे ओवर में बिना किसी नुकसान के 79 रन तक पहुंचाया जो इस सत्र में पावरप्ले में मुंबई का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। अधिकांश बल्लेबाज अफगानिस्तान के धुरंधर स्पिनर राशिद खान को संभलकर खेलते हैं लेकिन अपनी लय में आने पर रोहित ने उन्हें भी नहीं बख्शा और स्लॉग स्वीप पर छक्का जड़ दिया। मुंबई का स्कोर दस ओवर में एक विकेट पर 113 रन था। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार ने कोएत्जी का स्वागत दो छक्कों के साथ किया। तिलक वर्मा ने भी 11 गेंद में 25 रन बनाये जिसमें तीन छक्के शामिल थे। कप्तान हार्दिक पंड्या ने 20वें ओवर में कोएत्जी को दो छक्के लगाकर मुंबई को 225 के पार पहुंचाया।

# एशियाई एथलेटिक्स: गुलवीर, पूजा, नंदिनी ने जीते स्वर्ण पदक




**गुमी (दक्षिण कोरिया) :** लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह ने एक दशक पुराना मीट रिकॉर्ड तोड़ा, ऊंची कूद में पूजा सिंह ने अपना सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन किया जबकि हेप्टाथलन में नंदिनी अगासरा ने स्वर्ण जीतकर 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के चौथे दिन को भारत के लिए खास बना दिया। इससे भारत के कुल पदकों की संख्या 18 हो गई है। इसमें आठ स्वर्ण, सात रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। भारत ने 2023 सत्र में 27 पदक जीते थे। उसमें हालांकि स्वर्ण पदकों की संख्या सिर्फ छह थी। गुलवीर ने 5000 मीटर में बाजी मारकर चैंपियनशिप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीतकर लंबी दूरी की दौड़ के भारत के महान खिलाड़ियों में अपना नाम दर्ज करा लिया। उन्होंने इससे पहले 10000 मीटर में भी स्वर्ण जीता था। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी धावक गुलवीर ने 13 मिनट 24.77 सेकेंड का समय निकालकर थाईलैंड के कीरन टुनटिवेट को पीछे छोड़ा जो 13 मिनट 24.97 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे। जापान के नागिया मोरी ने 13 मिनट 25.06 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता। पिछला चैंपियनशिप रिकॉर्ड कतर के मोहम्मद अल-गर्नी के नाम था। अल-गर्नी ने 2015 सत्र में 13 मिनट 34.47 का समय निकाला था। जीत के बाद उन्होंने कहा ,'मेरा लक्ष्य दोनों स्पर्धाओं में पहला स्थान हासिल करना था। अब अगला लक्ष्य जापान में सितंबर में विश्व चैम्पियनशिप है।' इससे पहले प्रतियोगिता के शुरुआती दिन 10,000 मीटर स्पर्धा में 28 मिनट 38.63 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता था। भारत को पूजा ने ऊंची कूद में स्वर्ण पदक के साथ बड़ी सफलता दिलायी। इस 18 साल की खिलाड़ी ने अपने अंतिम से पहले प्रयास में 1.89 मीटर की छलांग के साथ उज्बेकिस्तान की सफीना सादुल्लाएवा (1.86 मीटर) को पछाड़ा। हरियाणा की इस खिलाड़ी के पिता एक राजमिस्त्री हैं। पूजा ने इससे पहले 2023 में एशियाई अंडर-23 चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। पूजा ने कहा ,'मेरे लिये यह अच्छा दिन था कि मैं सीनियर उपमहाद्वीप स्तर पर चैम्पियन में से हूं।' इसके बाद नंदिनी एशियाई चैंपियनशीप में स्वर्ण जीतने वाली केवल तीसरी भारतीय हेप्टाथलीट बन गईं।

## भारतीय क्रिकेट के 'वंडर ब्वॉय' वैभव सूर्यवंशी से मिले प्रधानमंत्री मोदी



**पटना :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शुक्रवार को बिहार के प्रतिभाशाली क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने मुलाकात की जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने के साथ सबसे तेज शतक जड़ने वाले क्रिस गेल के बाद दूसरे बल्लेबाज भी बने। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 'एक्स' हैंडल पर पटना हवाई अड्डे पर सूर्यवंशी के साथ मुलाकात की तस्वीरें साझा कीं। प्रधानमंत्री राज्य के दो दिवसीय दौरे पर आए थे। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, ''पटना हवाई अड्डे पर युवा क्रिकेट खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से भेंट हुई। उनके क्रिकेट कौशल की पूरे देश में प्रशंसा हो रही है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।' मार्च में 14 साल के हुए सूर्यवंशी बिहार के समस्तीपुर जिले के रहने वाले हैं। वह अपने माता पिता के साथ प्रधानमंत्री मोदी से मिले और पैर छूकर आशीर्वाद भी लिया। आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिये खेलने वाले सूर्यवंशी ने इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मिली जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाने के बाद चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के भी पैर छुए थे। सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में 35 गेंद में शतक जड़ा था और गेल के बाद सबसे तेज आईपीएल शतक बनाने वाले बल्लेबाज बने।

## नॉर्वे शतरंज: गुकेश ने कारुआना के खिलाफ रोमांचक मुकाबला जीता, एरिगैसी कार्लसन से हारे




**स्टावेंगर (नॉर्वे) :** मौजूदा विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज के 'ओपन' वर्ग में अमेरिका के ग्रैंड मास्टर फैबियानो कारूआना के खिलाफ रोमांचक आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल की लेकिन अर्जुन एरिगैसी को मैग्नस कार्लसन के कौशल के आगे हार का सामना करना पड़ा। विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी कारूआना बृहस्पतिवार को अपना 19वां जन्मदिन मनाने वाले भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ चौथे दौर में मजबूत स्थिति में थे। वह हालांकि गुकेश के शानदार रक्षात्मक कौशल के सामने चार घंटे से अधिक समय तक चले रोमांचक मुकाबले को भुनाने में नाकाम रहे। मुकाबले का परिणाम हासिल करने के लिए 'आर्मागेडन' टाई-ब्रेक का इस्तेमाल किया गया। सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन गुकेश और एरिगैसी दोनों अब छह खिलाड़ियों के बीच 4.5 अंकों के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। कार्लसन आठ अंकों के साथ शीर्ष पर है। उनके बाद कारुआना (सात अंक) और अमेरिका के ही हिकारू नाकामुरा (5.5 अंक) हैं। गुकेश सफेद मोहरों से खेल रहे थे और उन्हें 'आर्मागेडन' में तीन मिनट का बड़ा फायदा मिला था। इसमें सफेद मोहरों को 10 मिनट और काले मोहरों को सात मिनट मिलते हैं। क्लासिकल मुकाबले में मुश्किल स्थिति से बाहर आने के महज 15 मिनट के अंदर भारतीय खिलाड़ी ने कारुआना को मात देते हुए 1.5 अंक हासिल किए।

## स्वियातेक और सबालेंका फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में

**पेरिस :** गत महिला चैंपियन इगा स्वियातेक और शीर्ष रैंकिंग पर काबिज आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को यहां एक भी सेट गंवाए बिना फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया। तीन बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सबालेंका ने ओल्गा डैनिलोविच को 6-2, 6-3 से हराया जबकि अपने पांच मेजर खिताब में से चार रोलां गैरां में जीतने वाली स्वियातेक ने जैकलीन क्रिस्टियन को 6-2, 7-5 से हराकर फ्रेंच ओपन में लगातार 23 मैच में जीत दर्ज की। बल्कि दूसरा सेट एक घंटे 16 मिनट तक चला। सत्ताईस वर्षीय सबालेंका इस साल छह एकल फाइनल में पहुंच चुकी हैं लेकिन स्वियातेक पिछले साल यहां लगातार अपना तीसरा फ्रेंच ओपन खिताब जीतने के बाद पहले फाइनल में पहुंचने की कोशिश में जुटी हैं। महिलाओं के मुकाबलों में ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने 18 वर्षीय क्वालीफायर विक्टोरिया एमबोको को 6-3, 6-4, से मात दी जबकि 16वें नंबर की खिलाड़ी अमांडा एनिसिमोवा और लियूडमिला सैमसोनोवा ने भी अपने मुकाबले जीत लिए। पुरुष वर्ग के तीसरे दौर में आठवें नंबर के लोरेंजो मुसेटी ने मारियानो नावोने को, होल्गर रूने ने फ्रांस के क्वेंटिन हालिस को और अमेरिका के 12वें वरीय टॉमी पॉल ने कारेन खाचानोव को हराकर अगले दौर में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर और महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की कोको गॉफ बृहस्पतिवार को जीत के साथ अगले दौर में आगे बढ़ने में सफल रहे।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में




**सिंगापुर :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की मलेशिया की शीर्ष रैंकिंग वाली जोड़ी पर सीधे गेम में जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पिछले कुछ सप्ताह से फिटनेस संबंधी मुद्दों से जूझ रही भारतीय जोड़ी ने 39 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मजबूत रक्षात्मक खेल और नेट के शानदार इस्तेमाल से 21-17, 21-15 से जीत दर्ज कर सत्र में अपने पहले खिताब की ओर कदम बढ़ाए। इस जीत के बाद चिराग ने कहा, 'हां, यह एक बड़ी जीत है क्योंकि हम अभी दुनिया में 27वें नंबर पर हैं। पिछले साल जब हमने सिंगापुर के साथ खेला था तब हम दुनिया में नंबर एक थे। गोह और (नूर) इज्जुद्दीन को मात देकर अच्छा लग रहा है।



## उप्र-रेरा का परियोजना पंजीकरण की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने पर जोर: चेयरमैन

**नयी दिल्ली :** उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट प्राधिकरण (उप्र-रेरा) के चेयरमैन संजय भूसरेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि प्राधिकरण परियोजनाओं के पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाने के साथ बिल्डरों एवं खरीदारों के बीच विवाद समाधान के लिए प्रयास कर रहा है। भूसरेड्डी ने नोएडा में आयोजित एक रियल एस्टेट सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में संपत्ति बाजार बढ़ रहा है और राज्यों के कई जिलों से परियोजनाओं के पंजीकरण के लिए आवेदन आ रहे हैं। रियल एस्टेट डेवलपरों को विपणन गतिविधियां शुरू करने और अपनी इकाइयां बेचने के लिए परियोजनाओं को पंजीकृत करने की जरूरत होती है। चेयरमैन ने कहा, हम प्रणाली को यथासंभव पारदर्शी बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हम अपने उपलब्ध संसाधनों के भीतर इसे सरल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। भूसरेड्डी ने कहा, उप्र-रेरा के पास 75 शहरों की देखरेख का काम है। पहले केवल कुछ जिले ही थे जिनमें गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद, मेरठ, लखनऊ, आगरा और कानपुर शामिल थे। लेकिन अब पूरे प्रदेश से ही आवेदन आ रहे हैं। भूसरेड्डी ने कहा, साल 2024 में जब हमने सबसे अधिक 261 परियोजनाओं को मंजूरी दी थी, तो उनमें से लगभग 62 परियोजनाएं दिल्ली-एनसीआर में थीं और लगभग 199 परियोजनाएं एनसीआर से बाहर थीं।

## उद्योग को बैंक कर्ज में वृद्धि धीमी होकर 6.7 प्रतिशत पर: रिजर्व बैंक आंकड़ा

**मुंबई :** उद्योग जगत को 18 अप्रैल को समाप्त पखवाड़े में बैंक कर्ज धीमी गति से 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ा जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत थी। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। विभिन्न क्षेत्रों को बैंक ऋण – अप्रैल 2025 के आंकड़ों के अनुसार, प्रमुख उद्योगों में, मूल धातु एवं धातु उत्पाद, इंजीनियरिंग, वाहन, वाहन कलपुर्जे एवं परिवहन उपकरण, वस्त्र और निर्माण के लिए ऋण में सालाना आधार पर वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, इस दौरान बुनियादी ढांचा क्षेत्र में ऋण वृद्धि धीमी हो गई। साथ ही, कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए ऋण वृद्धि धीमी होकर 9.2 प्रतिशत रही, जो पिछले वर्ष के इसी पखवाड़े में 19.8 प्रतिशत थी।

## भारत को सालाना 4.5 अरब डॉलर का ऋण देने को तैयार है एडीबी

**नयी दिल्ली :** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासातो कांडा ने शुक्रवार को कहा कि वह भारत को हर साल 4.5 अरब डॉलर तक का ऋण देने के लिए तैयार है। कांडा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, कल मैंने भारत के साथ एडीबी की साझेदारी को मजबूत करने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत-2047' के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए नयी दिल्ली में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। उन्होंने कहा, एडीबी प्रत्येक वर्ष चार अरब डॉलर से 4.5 अरब डॉलर के बीच ऋण देने के लिए तैयार है। एडीबी निजी क्षेत्र के वित्तपोषण में लगभग एक अरब डॉलर उपलब्ध कराने के लिए भी तैयार है, साथ ही अतिरिक्त तृतीय-पक्ष पूंजी भी जुटाएगा। उन्होंने कहा कि बहुपक्षीय वित्त पोषण एजेंसी ने बड़ी, उच्च प्रभाव वाली परियोजनाओं पर तेजी से काम करने पर सहमति जताई है। इनमें सौर छतों के लिए उसका समर्थन भी शामिल है, जिससे पूरे देश में स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने में तेजी आ सकती है। उन्होंने कहा कि मंत्री के अनुरोध पर एडीबी खाद्य प्रणालियों में परिवर्तन, रोजगार सृजन और स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देकर एकीकृत ग्रामीण समृद्धि के लिए समर्थन को और तेज करेगा। सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कांडा के साथ बैठक के दौरान, एकीकृत ग्रामीण समृद्धि उपायों के लिए एडीबी से और अधिक सहयोग देने का आग्रह किया था, जिसमें रोजगार और स्थानीय उद्यमिता का सृजन, तथा कृषि में नवाचार को बढ़ावा देना शामिल है, ताकि गांवों को मजबूत समुदायों में बदला जा सके।

# भारत लगातार चौथे साल सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था: सीतारमण



**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि भारत लगातार चौथे साल सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। उन्होंने कहा कि जीडीपी वृद्धि की गति को बनाए रखने में छोटे, मध्यम और बड़े उद्योगों, सेवाओं और कृषि क्षेत्र से मदद मिली। सीतारमण ने कहा कि 2024-25 की मार्च तिमाही के दौरान भारत का विनिर्माण क्षेत्र अच्छा रहा है। इसने पूरे वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि हासिल करने में मदद की। सीतारमण ने कहा, 'भारत लगातार चौथे साल बिना रुके सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी वृद्धि को बनाए रखने में सफल रहा। इसका श्रेय छोटे, मध्यम और बड़े उद्योगों को जाता है, जो आगे आकर सुनिश्चित कर रहे हैं कि हमारी विनिर्माण क्षमता, हमारी सेवा क्षमता की गति बनी रहे। कृषि ने भी कोविड महामारी के दौरान और उसके बाद अपनी गति बनाए रखी है।' उन्होंने लक्ष्मीपत सिंघानिया-आईआईएम लखनऊ नेशनल लीडरशिप पुरस्कार समारोह में कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान ऐसा माना जा रहा था कि उद्योग पर्याप्त निवेश नहीं कर रहा है, क्षमताएं नहीं बढ़ रही हैं, और अर्थव्यवस्था पर इसका असर होगा। सीतारमण ने कहा, ''मुझे खुशी है कि भारत का उद्योग... विनिर्माण गतिविधियां चौथी तिमाही के दौरान बहुत अच्छी रही और सिर्फ चौथी तिमाही की वृद्धि 7.4 प्रतिशत रही। इसके चलते, 2024-25 के पूरे वित्त वर्ष में जीडीपी 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी।'' वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 6.5 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि 2023-24 के उच्च तुलनात्मक आधार पर आई है, जब अर्थव्यवस्था 9.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के दौरान विनिर्माण क्षेत्र 4.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा, जबकि इससे पिछले वर्ष की इसी तिमाही में यह आंकड़ा 11.3 प्रतिशत था। मार्च 2025 तिमाही में सेवा क्षेत्र में 7.3 प्रतिशत और कृषि क्षेत्र 5.4 प्रतिशत की दर से बढ़ा। सीतारमण ने कहा कि सरकार लगातार विनियामक कठिनाइयों को दूर करने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें विनियामक बाधाओं को कम करने के लिए सुझावों का इंतजार है। भारत को विकसित बनाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, 'हमें अपने देश की क्षमताओं पर भरोसा करने की जरूरत है कि हम निश्चित रूप से लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं... हम कब तक यह कहते रहेंगे कि हम एक विकासशील देश हैं।'

## कुल कर्ज में महानगरों की हिस्सेदारी पांच साल में घटकर 58.7 प्रतिशत पर: आरबीआई

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि बैंकों द्वारा दिए गए कुल कर्ज में महानगरों में स्थित शाखाओं की हिस्सेदारी मार्च, 2025 में घटकर 58.7 प्रतिशत रह गई, जो पांच साल पहले 63.5 प्रतिशत थी। केंद्रीय बैंक ने कहा कि इसका मुख्य कारण ग्रामीण, अर्ध-शहरी और शहरी शाखाओं में ऋण वृद्धि का तेजी से बढ़ना है। आरबीआई ने कहा, 'महानगरों की तुलना में ग्रामीण, अर्ध-शहरी और शहरी क्षेत्रों में अधिक ऋण वृद्धि हुई है। इसके साथ कुल ऋण में मेट्रो शहरों की शाखाओं की हिस्सेदारी मार्च, 2025 में घटकर 58.7 प्रतिशत रह गई, जो पांच साल पहले 63.5 प्रतिशत थी।' केंद्रीय बैंक के अनुसार, दिलचस्प बात यह है कि जमा के नजरिए से महानगरों की बैंक शाखाएं अन्य समूहों की तुलना में अधिक वृद्धि दर्ज कर रही हैं।

# कमजोर संकेतों से शेयर बाजारों में गिरावट, सेंसेक्स 182 अंक फिसला

**मुंबई :** सूचना प्रौद्योगिकी शेयरों में गिरावट और अमेरिकी जवाबी शुल्कों को अपीलीय अदालत द्वारा अस्थायी रूप से बहाल किए जाने से शुक्रवार को एशियाई बाजारों में सुस्ती रही जिसके असर में स्थानीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। विश्लेषकों ने कहा कि घरेलू अर्थव्यवस्था के जीडीपी आंकड़े आने से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से भी बाजार एक दायरे में बना रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 182.01 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,451.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 346.57 अंक गिरकर 81,286.45 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 82.90 अंक यानी 0.33 प्रतिशत गिरकर 24,750.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 कंपनियों में से 24 गिरावट के साथ बंद हुईं। सर्वाधिक 1.73 प्रतिशत गिरावट टेक महिंद्रा में दर्ज की गई जबकि एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, इन्फोसिस, नेस्ले, सन फार्मा और टाटा स्टील के शेयर भी नुकसान के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फिनसर्व के शेयरों में तेजी रही।

## भारत की अब अमेरिका, चीन से शुरू हुई है असली प्रतिस्पर्धा: चंद्रबाबू नायडू

**नयी दिल्ली :** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को कहा कि भारत के दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बाद उसकी शीर्ष दो अर्थव्यवस्थाओं- अमेरिका और चीन के साथ वास्तविक प्रतिस्पर्धा शुरू हो गई है। नायडू ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को अपनी वैश्विक उत्पाद विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करना चाहिए और मध्यम आय के जाल में फंसने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा, आज हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। अगले दो साल में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। तीसरे स्थान तक पहुंचने तक हमारे पास कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। लेकिन असली प्रतिस्पर्धा तो अब शुरू हुई है। नायडू ने कहा, चीन की अर्थव्यवस्था भारत की तुलना में साढ़े चार गुना है और अमेरिका की अर्थव्यवस्था भारत की तुलना में सात गुना है। हमें तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास की बड़ी छलांग लगाने के लिए अच्छी सार्वजनिक नीति महत्वपूर्ण है। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में भारत को इस समय एक महान नेता मिला हुआ है और देश को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

## न्यूज अपडेट

### हुंदै ने अभिनेता पंकज त्रिपाठी को ब्रांड एम्बेसडर बनाया



**नयी दिल्ली :** वाहन कंपनी हुंदै मोटर इंडिया ने अभिनेता पंकज त्रिपाठी को अपना नया ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। दक्षिण कोरिया की वाहन विनिर्माता कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए पहचाने जाने वाले त्रिपाठी कंपनी की विश्वसनीयता, प्रामाणिकता और भारत के विविध दर्शकों के साथ गहरे जुड़ाव के मूल्यों को बखूबी दर्शाते हैं। हुंदै मोटर इंडिया के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) तरुण गर्ग ने कहा, साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य भारत भर में अपने विविध ग्राहक आधार के साथ गहरे भावनात्मक संबंध बनाना है। त्रिपाठी ने कहा, मैं इस साझेदारी को लेकर आशान्वित हूं, जहां हम एक साथ मिलकर, न केवल प्रौद्योगिकी के माध्यम से, बल्कि साझा कहानियों और मूल्यों के माध्यम से भी देश भर के लोगों से जुड़ सकेंगे।

### राज्यों को कर हस्तांतरण की अतिरिक्त किस्त दो जून को जारी होगी: वित्त मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** सरकार ने शुक्रवार को राज्यों को कर हस्तांतरण के रूप में 81,735 करोड़ रुपये की अतिरिक्त किस्त जारी करने को मंजूरी दी। दो जून को जारी की जाने वाली यह किस्त 81,735 करोड़ रुपये के कर हस्तांतरण की नियमित मासिक किस्त के अतिरिक्त है, जिसे 10 जून, 2025 को जारी किया जाएगा। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को कर हस्तांतरण के रूप में 81,735 करोड़ रुपये की अतिरिक्त किस्त को मंजूरी दी है, जो दो जून, 2025 को जारी की जाएगी।'' बयान में कहा गया कि राज्यों को अतिरिक्त किस्त देने का फैसला सहयोगपूर्ण संघवाद के सिद्धांत और 2047 तक 'विकसित भारत' बनने के उद्देश्य के अनुरूप है। मंत्रालय ने कहा, 'हस्तांतरण की अतिरिक्त किस्त से राज्यों को अपने पूंजीगत व्यय में तेजी लाने, विकास और कल्याण संबंधी व्यय को वित्तपोषित करने और राज्यों की प्राथमिकता वाली परियोजनाओं के लिए संसाधन जुटाने में मदद मिलेगी।'' इस समय केंद्र सरकार किसी वित्त वर्ष में जो कर संग्रह करती है, उसका 41 प्रतिशत राज्यों के बीच किस्तों में हस्तांतरित किया जाता है।

### डाक विभाग ने डिजिटल पता के बुनियादी ढांचे के लिए जारी किया नीतिगत दस्तावेज

**नयी दिल्ली :** डाक विभाग ने राष्ट्रीय 'डिजिटल एड्रेस डीपीआई' के लिए एक ढांचा तैयार करने के इरादे से 'डिजिटल हब फॉर रेफरेंस एंड यूनिक वर्चुअल एड्रेस' (ध्रुव) नामक एक नीतिगत दस्तावेज जारी किया है। शुक्रवार को एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। ध्रुव दस्तावेज एक मानकीकृत, अंतर-संचालनीय और भू-कूटबद्ध डिजिटल एड्रेसिंग प्रणाली की परिकल्पना करता है जो पते की जानकारी के सुरक्षित, सहमति-आधारित और निर्बाध साझाकरण का समर्थन करता है। विज्ञप्ति के मुताबिक, इसके मूल में 'एक सेवा के रूप में पता' की अवधारणा है जो उपयोगकर्ताओं, सरकारी संस्थाओं और निजी क्षेत्र के संगठनों के बीच सुरक्षित और कुशल बातचीत का समर्थन करने के लिए पता डेटा प्रबंधन से जुड़ी सेवाओं का समूह है। इस पहल का उद्देश्य पता सूचना प्रबंधन को एक मूलभूत सार्वजनिक बुनियादी ढांचे (डीपीआई) के रूप में चिह्नित करना है जो प्रभावी शासन, समावेशी सेवा वितरण और बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव के लिए महत्वपूर्ण है। ध्रुव का उद्देश्य एक सहयोगी पारिस्थितिकी को बढ़ावा देना है जिसमें सार्वजनिक और निजी हितधारक एक सुरक्षित एवं विश्वसनीय डिजिटल बुनियाद पर निर्मित उपयोगकर्ता-केंद्रित समाधान का मिलकर निर्माण करते हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक, इसका उद्देश्य मंत्रालयों, राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों द्वारा व्यापक आधार पर अपनाए जाने के माध्यम से शासन, ई-कॉमर्स, लॉजिस्टिक और वित्तीय समावेशन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देना है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3252 अंक 062, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in